हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025







# बुधवार को चतुर्थी पर महासंयोग, स्थापना के लिए सुबह 6 से दोपहर तक मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान श्रीगणेश महोत्सव को लेकर संस्कारधानी में व्यापक तैयारियां की गई है। इस वर्ष यह श्रीगणेश चतुर्थी बुधवार को है, जो महासंयोग बना रहा है। घरों से लेकर पूजा पंडालों में गणनायक के स्वागत हेतु साज-सजावट की गई है। श्रीगणेश की प्रतिमाएं लोग दो दिन पूर्व से ही स्थापना स्थल तक ले जाने व्यस्त हैं। पर्व के चलते शहर सहित ग्रामीण इलाकों में चहल-पहल बढ़ी हुई है।

### सुबह से दिनभर मुहूर्त

पंडित एवं पंचाग के अनुसार चतुर्थी तिथि का प्रारंभ 26 अगस्त को दोपहर 1.54 बजे पर होगा। जिसका समापन 27 अगस्त को दोपहर 3.44 बजे पर होगा। उदया तिथि के मुताबिक श्रीगणेश चतुर्थी बुधवार 27 अगस्त को मनाई जाएगी। भगवान श्रीगणेश स्वयं विघ्नहर्ता हैं, इसलिए इनकी मूर्ति स्थापना दिनभर किया जाएगा। मुहूर्तों को मानने वालों के लिए सुबह 11.5 बजे से लेकर दोपहर 1.40 तक शुभ मुहूर्त है। इस वर्ष चतुर्थी पर प्रीति, स्वार्थ सिद्धि, रवि के साथ ही इंद्र बम्हयोग का संयोग बन रहा है। स्थानीय पंडित कालू महराज के अनुसार मूर्ति स्थापना के लिए सुबह 6 से 9 बजे, साढे 10 से 12 बजे, डेढ से शाम 6 बजे अतिउत्तम मुहूर्त है। शाम साढे 7 से रात 11 बजे तक श्रेष्ठ मुहूर्त है।

## शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक आज विराजेंगे गणपति बप्पा





### बाजे-गाजे के साथ ले जाएंगे मूर्तियां

संस्कारधानी में श्रीगणेश चतुर्थी के साथ ही हर्षोल्लास, उमंग एवं श्रद्धा-भक्ति का माहौल होगा। एक ओर जहां आकर्षक विद्युत सज्जा, भव्य पंडाल बनाए गए हैं। वहीं विविध स्वरूपों में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं पूजा स्थल पर स्थापित किया जाएगा। घर-घर में भी लोग गणनायक की मूर्तियां स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। बाजार में कल सुबह से ही गणपति बप्पा को घर व पूजा स्थल ले जाने एवं स्थापना करने लोगों की व्यस्तता रहेगी। बाजे-गाजे एवं जयकारों की गूंज बनी रहेगी।

श्रीगणेशोत्सव पर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल है। इस मौके पर कल भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर बुधवार को सुबह से लेकर देर शाम तक लोग श्रीगणेश मूर्तियां स्थापित करने व्यस्त रहेंगे। इस दौरान बाजे-गाजे के माहौल के साथ ही भक्तिभाव का वातावरण निर्मित रहेगा। ग्रामीण इलाकों के अलावा संस्कारधानी में श्रीगणेशोत्सव की दस दिनों तक धूम रहेगी। वहीं शहर सहित बाजार इलाके में चहल-पहल बना रहेगा।

# हर चौक में लगेगा पाइंट, तीन स्तर पर रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, चार पहियों की एंट्री पर बैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज से शुरू होने जा रहे गणेश उत्सव को लेकर जहां समितियों ने अपनी तैयारियां कर ली है। वहीं पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा पुख्ता करने के लिए एक प्लान के अनुसार काम करेगी। पुलिस महकमे ने आज से शहर में तीन स्तर पर सुरक्षा का जिम्मा अपने जवानों में बांटा है। इसमें पैदल पेट्रोलिंग के साथ ही रात में सूनसान इलाकों में बैठकर नशाखोरी करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई भी शामिल है।

इसके अलावा सायबर की एक विशेष टीम और हर थाना में एक स्टॉफ को सोशल मीडिया पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। जिनका काम किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करना होगा। मिली जानकारी के अनुसर गणेश पर्व को देखते हुए पूरी प्लानिंग की जा चुकी है। शहर के बीच बाजार से लेकर अन्य इलाकों में ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए भी एक्सपर्ट पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही नगर निगम की टीम के साथ ही व्यापारियों को भी तय स्थान तक ही दुकान का सामान रखने की हिदायत दी जाएगी। जिससे पार्किंग में किसी भी प्रकार की दिक्कतें लोगों को ना हो।

## सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की नजर, आपत्तिजनक पोस्ट पर होगी कार्रवाई



**आपत्तिजनक पोस्ट पर रहेगी नजर :** ऐसा देखा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने से क्षेत्र का माहौल बिगड़ता है। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जहां सायबर के दर्जनभर जवानों को जिम्मा दिया गया है। उसके अलावा हर थाना में भी एक सोशल मीडिया एक्सपर्ट कर्मी को इस काम पर लगाया गया है। ज्ञात हो कि पिछले 48 घंटे में घुमका व कोतवाली सहित दो कार्रवाई सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर की गई है।

### दो पहिया घूम सकेंगे

शहर के बाजार इलाके जिनमें विशेषकर गुडाखू लाइन, सिनेमा लाइन, सदर बाजार, कामठी लाइन जैसी सड़कों पर आने वाले दो से तीन दिनों में चार पहिया वाहनों की एंट्री बैन कर दी जाएगी। शहर के बीच किसी भी इलाके में कोई भी चार पहिया वाहन नहीं चला पाएगा। इससे यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए पुलिस को सहायता मिलेगी।

### इस तरह रहेगी सुरक्षा

पुलिस प्रशासन गणेश पर्व के दौरान शहर में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए तीन स्तर पर अपने जवानों की तैनाती कर रहा है। जिसमें एक टीम रोजाना पैदल पेट्रोलिंग कर शहर के बीच इलाकों में यातायात व्यवस्था को सुधारने का काम करेगी। दूसरी टीम रोजाना दो घंटे शहर के विभिन्न इलाकों में तैनात होकर संदिग्ध वाहनों और लोगों की जांच करेगी। इस टीम में एक राजपत्रित अधिकारी भी रहेगा। तीसरी टीम रात दस बजे के बाद शहर के सूनसान इलाकों एवं गली के भीतर बैठकर नशाखोरी करने वाले युवकों के खिलाफ एक्शन लेगी।

# किसी भी आयोजन के लिए सड़क ब्लॉक करने की नहीं मिलेगी अनुमति

## साउंड सिस्टम पर भी रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेश पर्व पर देखा गया है कि समितियां विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित करती आई है। इस बार भी समितियों ने अलग-अलग कार्यक्रम की तैयारी कर ली है, लेकिन प्रशासन ने भी साफ कर दिया है कि सड़क ब्लॉक कर किसी भी कार्यक्रम के आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तय स्थान पर ही कार्यक्रम की विधिवत प्रक्रिया के अनुसार अनुमति दी जाएगी।

इसके साथ ही साउंड सिस्टम के सीमित उपयोग पर भी नजर होगी। किसी भी आयोजन में तय बाक्स से अधिक संख्या में बाक्स लगाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए प्रशासन संबंधित थाना के पुलिस बल की मदद लेगी। ज्ञात हो कि इस बार सड़क पर होने वाले दही लूट के कई आयोजन को भी सड़क पर कराने की अनुमति नहीं मिली है। ऐसे में प्रशासन गणेश पर्व पर भी इसी नियम के तहत अनुमति देने का काम कर रहा है। ज्ञात हो शहर में कई स्थानों पर आयोजन होते आए है। ऐसे में सभी आयोजनकर्ताओं को पहले प्रशासन से लिखित अनुमति लेनी होगी।

### नहीं बजाए जाएंगे अभद्र गाने

प्रशासन और गणेश समितियों की बैठक में जहां अधिकतम आठ बाक्स वाले साउंड सिस्टम को लेकर ही अनुमति मिली है। वहीं प्रशासन के निर्देश बाद साउंड सिस्टम यूनियन ने भी यह तय किया है कि किसी भी धार्मिक आयोजन में आपत्तिजनक या अभद्र गाने नहीं बजाए जाएंगे। प्रशासन ने पुलिस टीम को भी तय मापदंड के अतिरिक्त साउंड सिस्टम किसी भी आयोजन में लगाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**पास सिस्टम पर रहेगी नजर:** ज्ञात हो कि किसी भी पंडाल को पास सिस्टम के तहत पैसे लेने की अनुमति नहीं होती है। इसके लिए समितियों को पहले से ही प्रशासन से अनुमति लेनी पड़ती है। इसके बाद मनोरंजन टैक्स के तहत प्रशासन को रकम भी देनी होती है। यही कारण है कि शहर में समितियों द्वारा पास के बदले पैसे लिए जाने पर भी प्रशासन की नजर रहेगी।

## खबर संक्षेप

### साउंड सिस्टम जब्त आरोपी पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाने के मामले में पुलिस ने साउंड सिस्टम को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं मोहल्ले में हुडदंग करने के मामले में तीन आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि नंदई कुंआ चौक के पास अत्याधिक आवाज में साउंड सिस्टम बजा रहा है।

जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है, जिसे तत्काल संज्ञान में लेते अनावेदक निकेश कौशिक 29 साल साकिन कुंआ चौक के विरुद्ध धारा 15, 16 कोलाहल अधिनियम के तहत साउंड सिस्टम को जब्त कर ईश्तगाश तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

**हुडदंग करने पर पुलिस ने पकड़ा :** थाना बसंतपुर क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मोहल्ले में हो-हुड़दंग करने वालों के विरूद्ध दीपेन्द्र 26 साल बंगालीचाल, भूषण उइके 28 साल नंदई, किशन विश्वकर्मा उर्फ लल्लु 19 साल डबरीपारा के विरूद्ध ईश्तगाशा तैयार कर माननीय एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर,एवं अन्य स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

## माय एंगल




# तीन साल चली जांच में नहीं खुला राज इधर दफ्तर से तेंदूपत्ते की टीपी भी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जीई रोड स्थित गोदाम से अच्छी क्वालिटी के साढ़े 93 लाख रुपए के तेंदूपत्ते की चोरी होने के मामले में वन विभाग की करीब तीन साल तक चली जांच प्रक्रिया में भी गंभीर लापरवाही बरती गई है। कछुवा चाल में चली इस जांच प्रक्रिया में जांच अफसरो ने तेंदूपत्ते के चोरी होने के बजाए हेराफेरी की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। जांच अफसरों ने गोदाम प्रभारी से लेकर दोषियों से तेंदूपत्ते की टीपी को लेकर भी कोई पतासाजी नहीं की। दफ्तर से टीपी के गायब होने की जानकारी सामने आने के बाद भी इस मामले में दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले तीन साल पहले जीई रोड स्थित गोदाम में रखे अच्छी क्वालिटी के साढ़े 93 लाख रुपए के तेंदूपत्ते के गायब होने की शिकायतें सामने आई थी। वन विभाग द्वारा इस मामले में जांच के आदेश जारी किए गए थे। जांच में अफसरों ने इस बात की पुष्टि की है कि तेंदूपत्ते के बोरों में हेराफेरी की गई है। अच्छे क्वालिटी के तेंदूपत्ते को गायब कर गोदाम में कचरे को डंप किया गया है। जांच अफसरों द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख ही नहीं किया गया है कि आखिर अच्छे क्वालिटी के तेंदूपत्ते को कहां और कैसे भेजा गया है? सूत्रों ने बताया कि एक ठेकेदार के बिल के जरिये इस तेंदूपत्ते का परिवहन करने के लिए अफसरों से सांठगांठ कर टीपी जारी कराई गई है। बताया जाता है कि गोदाम प्रभारी ने जांच अधिकारियों को टीपी की जानकारी ही नहीं दी है। इसे दफ्तर से गायब कर दिया गया है। जिसके चलते यह पूरा प्रकरण हेराफेरी तक ही सिमट गया। जबकि यदि टीपी की जानकारी मिलती तो यह प्रकरण चोरी में तब्दील हो जाता। यही कारण है कि मामले के तह पर जाने के बजाय जांच अफसरों ने आधी-अधूरी रिपोर्ट ही सौंप दी है।

### सभी एंगल पर विवेचना

मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। सभी एंगल पर विवेचना की जा रही है। यह पता लगाया जाएगा कि आखिर साढ़े 93 करोड़ रुपए के पत्ते का परिवहन किसने और कैसे किया।

- राहुल देव शर्मा, एएसपी



### बयान देने नहीं आए कर्मी

साढ़े 93 लाख रुपए के तेंदूपत्ते की चोरी के मामले में जांच अफसरों के सामने ठेकेदार सहित कई कर्मी भी उपस्थित नहीं हुए। बताया जाता है कि कई बार पत्र जारी करने के बाद भी मामले में कोई भी बयान देने के लिए सामने नहीं आया। यही कारण है कि प्रकरण में काफी लापरवाही बरते जाने का फायदा दोषियों को मिलने के आसार दिखाई दे रहे हैं।

### डीएफओ ने कराई दोबारा जांच

मामले को गंभीरता से लेते डीएफओ आयुष जैन ने जब वन विभाग के एसडीओ श्री साहू से गोदाम की दोबारा जांच कराई, तब कहीं जाकर चोरी के इस मामले का खुलासा हुआ। बताया जाता है कि गोदाम में रखे पत्ते को जब चिरचारी में शिफ्ट किया गया, तब बड़े पैमाने पर पत्ते गायब मिले। जानकारों का कहना है कि 2023 में ही यदि इस मामले की सूक्ष्मता के साथ जांच होती तो कई राज और सामने आ जाते।

### शुरूआती जांच में मिटा दिए साक्ष्य

मामले के सामने आने के बाद वन विभाग द्वारा चौकी के एसडीओ को जांच का जिम्मा दिया गया था। इस दौरान जब जांच अफसरों ने गोदाम में पतासाजी की तो वहां करीब 44 फीसदी अच्छी क्वालिटी के पत्ते गायब मिले। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद अफसरों ने इस प्रकरण को हेराफेरी का मानते हुए इस बात की पड़ताल में रूचि नहीं दिखाई कि आखिर यह पत्ते चोरी कर कहां ले जाए गए? 2023 में हुई इस जांच रिपोर्ट को दफ्तर में ही दबा दिया गया।

# निजी आवास में प्रार्थना सभा शिकायत, पुलिस ने दी समझाईश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के नेहरू नगर एवं लखोली में निजी आवास में प्रार्थना सभा, लोगों को चंगा करने तथा धर्म प्रचार-प्रसार संबंधी गतिविधियां की जा रही थी। जिसकी सूचना पर पुलिस ने शांति समिति की बैठक लेकर आपसी सदभाव बनाए रखने अपील की।

पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखोली और नेहरू नगर में एक निजी मकान में कुछ ईसाई धर्म के अनुयायियों द्वारा अधिकृत धर्मस्थल (चर्च) के स्थान पर प्रार्थना सभा आयोजित किए जाने की जानकारी पुलिस प्रशासन को प्राप्त हुई। जिसके बाद बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और समिति सदस्यों को विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा क्षेत्र में आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि या कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सतत निगरानी रखी जा रही है। साथ ही नागरिकों से सहयोग एवं शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

**शांति समिति की बैठक:** उक्त सभा में लोगों को चंगा करने तथा धर्म प्रचार-प्रसार संबंधी गतिविधियां की जा रही थी। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन पर 25 अगस्त को नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा लखोली और नेहरू नगर के ईसाई धर्म के अनुयायियों का शांति समिति की बैठक लिया गया। सीएसपी द्वारा कहा गया कि इस प्रकार की धार्मिक सभा के लिए न तो कोई मास्टर आर्डिनेंस था और न ही वैधानिक अनुमति प्राप्त है, इसलिए निजी आवासीय भवन में धार्मिक गतिविधियों का आयोजन विधिक प्रावधानों का उल्लंघन माना जाता है।

# सड़क पर मवेशी, मालिकों पर चिखली पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़कों पर मवेशियों के जमघट और बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने अभियान चलाया है। जिसके तहत चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मवेशी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

आम रोड मे बैठे पालतू जानवर मवेशियों के संबंध मे विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्रवाई में 25 अगस्त को वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के दिशा-निर्देश पर प्रधान आरक्षक अरूण कुमार नेताम, आरक्षक चंद्रकपुर आयाम की टीम गठित कर इस अभियान में आम नागरिकों व गवाहों को साथ लेकर स्टेट हाईवे राजनांदगांव-खैरागढ़ मार्ग पर कार्रवाई की गई । अभियान के दौरान सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों का टैग नंबर एनालिसिस कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई। मवेशियों के संबंध में उपेक्षापूर्ण आचरण कृत्य करते पाए जाने से जनसुरक्षा को खतरे में डालने का दोषी पाए जाने पर मनोज यादव 35 साल साकिन रमन बाजार चिखली व चंद्रेशी राय 51 साल साकिन शीतला मंदिर के पारा चिखली मवेशी मालिकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। दोनों के विरूद्ध धारा 291 बीएनएस के तहत पृथक-पृथक कार्रवाई की गई।

## कॉम्बिंग गश्त चलाकर की गई जांच-पड़ताल, अफसर रहे मौजूद

# मनगटा के रिसोर्ट-होटलों में पुलिस ने दी दबिश सीसीटीवी की जांच, आगे भी जारी रहेगी चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चोरी, लूट, झपटमारी जैसे अपराध में लगाम लगाने के लिए संदिग्धों की चेकिंग अभियान जारी है। जिसके तहत पुलिस की पैनी नजर रिसोर्ट, होटल, गार्डन में भी है। सोमनी क्षेत्र में पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त चलाकर इन क्षेत्रों में जांच पड़ताल की।



पुलिस द्वारा होटल एवं रिसोर्ट संचालकों के रजिस्टर चेक किए गए। होटल में ठहरने वाले टूरिस्टों की जानकारी संधारण करने एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। होटल एवं रिसोर्ट संचालकों को अपने संस्थानों में सीसीटीवी कैमरा आवश्यक रूप से लगाने हेतु कहा गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में 25 अगस्त को थाना सोमनी क्षेत्र के मनगटा पर्यटन स्थल में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के नेतृत्व में आसामाजिक तत्वों की पहचान करने, चोरी, लूट, झपटमारी, चाकूबाजी, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि घटना की रोकथाम के लिए राजनांदगांव पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त किया गया।

### की गई जांच

अभियान के दौरान वहां रूके पर्यटकों व घूमने आए लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट आदि चेक कर तस्दीक किया गया। किसी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति मिलने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार जिले के अन्य संदिग्ध इलाकों में भी कॉम्बिंग गश्त एवं चेकिंग आगे भी जारी रहेगी।

### सीसीटीवी कैमरा लगाने निर्देश

इस अभियान में थाना सोमनी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, तुमड़ीबोड प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल एवं रक्षित केन्द्र से निरीक्षक आशीर्वाद रहटगांवकर, निरीक्षक मिलन सिंह द्वारा अपने दल-बल के साथ मनगटा स्थित रिसोर्ट, होटल, गार्डन आदि को चेककर संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी की गई। इस दौरान वहां के होटल एवं रिसोर्ट संचालकों के रजिस्टर चेक किया गया। होटल में ठहरने वाले टूरिस्टों की जानकारी संधारण करने एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश उन्हें दिए गए। होटल एवं रिसोर्ट संचालकों को अपने संस्थानों में सीसीटीवी कैमरा आवश्यक रूप से लगाने हेतु कहा गया।

## खबर संक्षेप



### बच्चों का प्रयास विद्यालय में हुआ चयन

**मड़ियान।** ग्राम पंचायत बुढानछापर के बच्चों का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ है। जनपद सदस्य धनवार मंडावी ने बताया कि प्रयास विद्यालय, एकलव्य विद्यालय तथा नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए बच्चे लगातार चयनित हो रहे हैं। अब तक गांव के लगभग 40 बच्चों का चयन हो चुका है। वर्तमान में 11 वीं के लिटरल एंट्री में पांच बच्चों का चयन और हुआ है। श्री मंडावी सहित गांव प्रमुखों ने बच्चों को बधाई दिया है।

### एड्स के कारण- लक्षण को जाना छात्रों ने



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार रेड क्रास सोसाइटी अंतर्गत एचआईव्ही एवं स्वास्थ्य पर छात्र छात्राओं को जानकारी दी गई। अतिथि व्याख्याता हरवंश चौरगै ने एचबाईव्ही वायरस की जानकारी प्रदान दी। उन्होंने एचआईव्ही होने के कारणों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने लक्षण तथा सावधानी की भी जानकारी दी। तत्पश्चात अतिथि व्याख्याता कंचन साहू ने शासन की विभिन्न योजना आयुष्मान भारत, मिशन इंद्रधनुष, ई संजीवनी, आरोग्य सेतु ऐप आदि के बारे में बताया। इसी क्रम में अतिथि ग्रंथपाल हिमानी साहू ने प्राथमिक उपचार से विद्यार्थियों को अवगत कराया। संचालन शुभि जैन ने किया। इस दौरान डॉ काव्या जैन, डॉ संजूसिंग, ओमप्रकाश सहारे, डॉ हेमलता विरदी, योगिता ठाकुर, मोनिश खान, चंद्रकांत कुंभकार के अलावा बीए, बीकॉम तथा बीएससी के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बिना काम कराए निकाला राशि

**डोंगरगढ़।** बिना कार्य कराए पार्षद निधि से राशि आहरण करने की शिकायत वंचित शोषित सामाजिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मयूर हथेल ने जिलाधीश से किया है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि वार्ड 6 में वर्ष 2024- 25 भवन मरम्मत के नाम से 148000 रूपए का आहरण किया गया है किन्तु इस राशि से वार्ड 6 के किसी भी भवन का मरम्मत नहीं कराया गया है। उन्होंने जांच टीम का गठन कर जांच कराने की मांग की है।

### शांति भंग पर कार्रवाई

**डोंगरगढ़।** शांति भंग की शिकायत मिलने पर पुलिस ने थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह के निर्देशन में दो के खिलाफ कार्रवाई किया है। अनावेदक सचिन उके पिता स्व किशोर उके निवासी वार्ड 3 टिकरपारा अपने घर में वाद-विवाद कर रहा था। इसी प्रकार विजय साहू पिता गुलाब साहू निवासी नागतराई तहसील कार्यालय परिसर में शराब के नशे में वाद-विवाद करते हुए मारने-पीटने पर उतारू हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाने का प्रयास किया किन्तु नहीं मानने पर अनावेदक के विरूद्ध धारा 170, 125, 135 (3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

### सीसी रोड निर्माण के लिए लाखों की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भंवरमरा में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 5 लाख 20 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को स्वीकृत कार्य को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## पर्व को लेकर उत्साह, तैयारियां पूरी

# चतुर्थी आज, शहर और गांव में विराजेंगे गणपति बप्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में कल 27 अगस्त से गणेश पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। शहर के विभिन्न स्थानों पर गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना किया जाएगा। गणेश पर्व को लेकर समितियों की तैयारियां अंतिम चरण पर है। कल विधि विधान के साथ गणेश प्रतिमा को पंडालों में स्थापित किया जाएगा। अंतिम दिन शहर में विसर्जन झांकी निकलती है जिसे देखने शहर के साथ आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में आते हैं। शहर में गणेश उत्सव धुमधाम से मनाने के लिए 25 अगस्त को नवीन रेस्ट हाउस में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में एसडीएम एम भार्गव, एसडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह के अलावा गणेश उत्सव, गणेश झांकी समिति के पदाधिकारी, सदस्य, नागरिक, जनप्रतिनिधि आदि शामिल हुए।



**हिदायत दी गई**

बैठक में गणेश पंण्डाल रोड में न लगाने, झांकी नियत समय एवं रूट से निकालने, धुमाल का उपयोग करने, झांकी को टोकन हिसाब से एक के पीछे एक चलने, झांकियों का आकार तय रूट की गलियों को ध्यान में रखकर तैयार करने, वालंटियर रखने, महावीर तालाब पर पर्याप्त लाईट व्यवस्था, तय रूट के बिजली तारों की मरम्मत करने के निर्देश दिया गया।

**श्रद्धा से पर्व मनाने का आह्वान**

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान गणेश उत्सव, झांकी समिति के पदाधिकारी, नागरिक, जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सभी ने साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाते हुये बिना किसी की भावना को ठेस पंहुचाए गणेश पर्व मनाने की अपील की गई।

### आज से गणेश जी की भक्ति का दौर

**डोंगरगांव।** नगर के कल 27 अगस्त से गणेश पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कालेज के सामने और मंडी परिसर में सजी दुकानों में गणेश प्रतिमा क्रय और बुक करने दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही। पूजा एवं अन्य सामग्री खरीदने वालों की भी काफी भीड़ देखा गया।



शहर के बाजार एरिया, कुंभकार पारा, कालेज के पास, कंडरा पारा, नए बस स्टैंड सहित अन्य जगहों पर गणेश प्रतिमा विराजमान किया जाता है। इसी प्रकार अंचल के प्रमुख ग्राम अर्जुनी, खुज्जी, दीवानभेड़ी, आरी, सुखरी, बीजाभांठा, कोकपुर, मोहड़ सहित अन्य ग्रामों में उत्साह के साथ गणेश पर्व मनाया जाता है। प्रतिमा विराजमान करने के लिए समितियों ने सभी तैयारियां पूरी कर लिया है। कल 27 अगस्त को पूजा अर्चना के साथ प्रतिमा विराजमान किया जाएगा और इसी के साथ पूजा का दौर अगेले 10 दिनों तक चलेगा।

# 20 लोगों ने लिया नेत्रदान का संकल्प

■ नेत्रदान पखवाड़ा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बीएमओ डॉ सुचित्रा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 40 वां नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोवाना एवं जीवनदीप समिति के सदस्यों की उपस्थिति में पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ।

**नेत्र के साथ देहदान का संकल्प**

कार्यक्रम में 20 लोगों ने नेत्रदान संकल्प पत्र भरा। नेत्रदान का महत्व को देखते हुए अछोली के केशव राम साहू ने नेत्रदान के साथ देहदान करने का संकल्प लिया।

जीवनदीप समिति सदस्य सुरेंद्रसिंह बन्नोआना ने प्रत्येक नागरिक से नेत्रदान करने की अपील की। महेंद्र भाई पटेल ने नेत्रदान महादान के संबंध में जानकारी दी। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने भी अपने विचार रखते हुए नेत्रदान करने का आव्हान किया। सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र अग्रवाल ने मृत्यु पश्चात नेत्रदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला नोडल मितानिन कार्यक्रम के अनिल श्रीवास्तव ने अधिक से अधिक संकल्प पत्र भरवाने का बात कही। अंत में डॉ चौधरी ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हरीश मोटघरे, प्रतिमा खरे, राजेश रावतकर, डीके जनबंधु, सौरव यादव, नरेंद्र साहू, अंजुम वर्मा, संजय निखड़े, वंदना चंदनिया, सरोज राजेकर मौजूद थे।

### छात्राओं को मिली नई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

जिला पंचायत सदस्य शीला टाकेश सिन्हा ने उच्चतर माध्यमिक शाला डिलापाहरी में गत दिनों सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल प्रदान किया। साइकिल मिलने पर छात्राओं के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। कार्यक्रम में सरपंच गोविंद वर्मा, जनक लाउत्रे, रमनलाल शेंडे, छत्रकुमार वर्मा, देवनाथ वर्मा, मोहन वर्मा, मदनलाल वर्मा, एकता सिजारिया आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।



## स्नेहा ने किया शतरंज में शानदार प्रदर्शन



**डोंगरगढ़।** एनआरसीए संस्था से जुड़ी शतरंज़ खिलाड़ी 16 वर्षीय स्नेहा हल्दर पिता भागीरथ हल्दर ने आबु धाबी इंटरनेशनल शतरंज़ फेस्टिवल में बिलो 2300 रेटिंग शतरंज़ स्पर्धा में ओपन केटेगरी में टॉप दस खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने शतरंज खेल के ब्लिट्ज फॉरमेट में पाँचवा स्थान बना कर नाम रोशन किया। यह स्पर्धा 14 से 24 अगस्त तक आबुधाबी में आयोजित की गई है। आयोजकों ने स्नेहा को 32 हज़ार का पुरस्कार दिया। इस स्पर्धा में स्नेहा को साठ रेटिंग अंक की बढ़ोतरी हुई। स्नेहा की वर्तमान में 2170 रेटिंग अंक हो गई है। स्नेहा ने सफलता का श्रेय विश्वनाथन आनंद, आरबी रमेश, पवित्रा मेम, कुचिना फाउंडेशन, पीवी रवि कुमार, रोटरी क्लब चेन्नई, सत्य प्रवाकर, आरती मेम, बंगाल शतरंज़ संघ, अखिल भारतीय शतरंज़ महासंघ को दिया है। एनआरसीए संस्था के संरक्षक विवेक वासनिक, अज़हर नवाज़, मो शहरयार, डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर, शिखा जैन, मनोज वर्मा,शाहिद हुसैन, दीपक चौरसिया, डीएल टेम्भुरकर, मतीन खान, रामप्रसाद पाल, निखिल लारोकर, शेख इदु आदि ने बधाई दी है।

### जब्तशुदा वाहन राजसात, होगी नीलामी

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने पचगांव तहसील मोहड़ी जिला भंडारा महाराष्ट्र निवासी निखिल राजकुमार लोहबरे एवं नवासी दुरखा पीएस मोहाड़ी तहसील व जिला भंडारा महाराष्ट्र निवासी शुभम श्रीधर भुरे के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन बोलेरो पिकअप क्रमांक एमएच-36-एए-2414 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

## विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में करें पूर्ण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य एवं ग्रामीण विकास प्राधिकरण के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्राधिकरण के तहत चल रहे निर्माणाधीन विकास कार्यों को गुणवत्तायुक्त समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के तहत स्वीकृत कोई भी कार्य अप्रारंभ नहीं होना चाहिए।




उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्माणाधीन कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने कहा।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता, जिले के सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को मिली विधिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा

ग्राम पंचायत भैंसरा में गत दिवस रजत महोत्सव के तहत ग्रामसभा की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशन में विधिक सेवाओं पर जानकारी दी गई। सर्वप्रथम महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर ग्राम सभा का शुभारंभ किया गया।

ग्रामसभा में शासन की कल्याणकारी योजना, पंचायत उन्नति सूचकांक, विकास योजना की प्राथमिकता, पेंशन योजना के हितग्राहियों का सत्यापन,आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ हरित पंचायत तथा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, मवेशियों से हो रहे नुकसान आदि की चर्चा की गई।



**लोक अदालत में शामिल होने का आह्वान**

इस मौके पर कानूनी सलाहकार एके पांडे ने ग्रामीणों को बाल विवाह रोकथाम, दहेज प्रताड़ना, टोनही प्रताड़ना, मोटरयान दुर्घटना, साइबर अपराध आदि की जानकारी दी। उन्होंने आगामी 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में शामिल होने की अपील की। ग्रामसभा का संचालन पंचायत सचिव केदान सिन्हा ने किया।

इस दौरान सरपंच उतरा उईके, भवानीशंकर कंवर, तिलक कतलाम, तोरणदास बंजारे, कमलेश्वर वर्मा, लोकेश्वरी, तामेश्वरी, तीजिया ओटी, पवन पड़ौती, प्रभु सोनवानी, गजा ठाकुर, राजू यादव, जगदीश विश्वकर्मा, रामरतन कंवर, लिखन कुंजाम, फागसिंह मंडावी, राजेश उईके, पुष्पादेवी निर्मलकर, सावित्री, अमेरिका बाई, पुष्पा उईके, सुशीलाबाई, पार्वती सहित अन्य मौजूद थे।

## लक्ष्य तय कर आगे बढ़े विद्यार्थी: भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ दीक्षारंभ समारोह आयोजित

नेहरू महाविद्यालय में शुक्रवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन में बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती थे। अध्यक्षता जनभागीदारी प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने की। विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पालिका उपाध्यक्ष उम महेश वर्मा, सुरेंद्रसिंह बन्नोआना, पार्षद हरीश मोटघरे, महेंद्र भाई पटेल, मनीष सोनी, अविनाश टेम्भुरकर, सुमित ताम्रकर, उपकार साहू, विनीत यादव, लेखराज थे। शुरुआत में एनएसएस स्वयंसेवक एवं एनसीसी कैडेट्स ने अतिथियों के स्वागत किया। मां सरस्वती की पूजा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सरस्वती वंदना एवं राजगीत छात्रा दीपशिखा ने प्रस्तुत किया।



**सुविधाओं से कराया अवगत**

महाविद्यालय के एनईपी समन्वयक डॉ आरआर कोचे ने विद्यार्थियों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी दी। डॉ. आशा चौधरी ने पाठ्यक्रम, डॉ. नीलम चतुर्वेदानी ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधा, डॉ. गुलशन सिन्हा ने एनसीसी, एचआर पदमे ने एनएसएस, डॉ. नौशीन अंजुम ने एमओयू, भूतपूर्व छात्र समिति की जानकारी दी। संचालन डॉ. नीता राजपूत ने किया। प्राध्यापक डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने सड़क एवं शौचालय निर्माण की घोषणा के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नितिन शांडिल, एवलाल मेश्राम, डॉ येशुकृति, डॉ सपना परिहार, नीलम सिन्हा, मनीषा भेड़िया, अनिमा मिंज, मीनाक्षी साहू, टेकराम वर्मा, सुमेध डोंगरे आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री भारती ने युवावस्था को जीवन का सबसे स्वर्णिम काल बताते हुए कहा कि इस अवस्था में प्राप्त ज्ञान और अनुभव ही आगे की दिशा तय करते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आव्हान किया। अध्यक्षता कर रहे सुनील जैन ने लगन और मेहनत के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए साधनों की प्रचुरता आवश्यक नहीं है। सच्ची लगन, परिश्रम और धैर्य ही वह पूँजी है जिससे विद्यार्थी ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष श्री डोंगरे ने भी संबोधित किया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

## 5715 उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

# अरसीटोला में पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत गांवों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के लिए उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी कड़ी में अरसीटोला 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है जिसे गत दिनों कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने उर्जीकृत किया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता एस कंवर, कार्यपालन अभियंता बीके उइके, एमके साहू, एडी टंडन, यशवंत तुमरेकी, डीके चतुर्वेदी, प्रशांत कोड़ापे, राजेन्द्र साहू, लाखनसिंह ठाकुर, ताम्रध्वज पिस्दा सहित अन्य उपस्थित थे।



**लो वोल्टेज से राहत**

श्री उईके ने बताया कि अरसीटोला सब-स्टेशन में पहले से मौजूद 3.15 एमव्हीए का पॉवर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाता था। बरसात के मौसम में वर्षा नहीं होने की वजह से किसानों द्वारा धान की फसल में सिंचाई के लिए एक साथ कृषि पंपों को चालू करने से लोड शेडिंग एवं लो-वोल्टेज की समस्या होती थी। उक्त कार्य से लो-वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

**52 लाख खर्च**

कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके ने बताया कि अरसीटोला उपकेन्द्र में 52 लाख की लागत से स्थापित 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इस पहल के बाद ग्राम कोकपुर, आसरा, अड़ाम, बम्हनीभाटा, जंतर, चिद्दो, अरसीटोला, बिटाल, तेलगान, हैदलकोड़ो, खुर्सीपार, बागद्वार, पदगुड़ा, किरगाहाटोला, बरेठटोला, मगरढ़ोखरा, कल्लुटोला, शिकारीटोला, पुर्रामटोला, जरहामहका, रियाटोला, झिथराटोला एवं बनियाटोला के लगभग 5715 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। अब अरसीटोला उपकेन्द्र की क्षमता 3.15 एमव्हीए से बढ़कर 6.30 एव्हीए हो गई है।

## तीज पर सफाईकर्मियों को सरपंच ने दिया उपहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ग्राम पंचायत आसरा में हरितालिका तीज के अवसर पर महिला सफाईकर्मियों को सरपंच शरद वैष्णव ने उपहार स्वरूप साड़ी एवं मिठाई प्रदान किया।

इन महिलाओं की तीज पर ग्राम पंचायत आसरा एवं अड़ाम में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। सरपंच श्री वैष्णव ने कहा कि गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना हमारा प्रथम उद्देश्य है। सफाईकर्मियों का सम्मान एवं सहयोग करना हमारी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है।

**खबर संक्षेप**

## आज घर-घर विराजेंगे गणपति बप्पा



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में कल बुधवार से गणेश पर्व उल्लास से मनाया जाएगा। गणेश प्रतिमा स्थापित करने समिति के अलावा घरों में तैयारी किया गया है। प्रतिमा विराजित कर विधि विधान से पूजा अर्चना करने की रूपरेखा बनाया गया है। पर्व को लेकर बच्चे भी खासे उत्साहित है। मूर्तिकारों के घर आकर्षक प्रतिमाएं अपनी मूर्त रूप में पहुंच गई है। विभिन्न वेशभूषा एवं आकार में प्रतिमा विराजित होने पहुंच रही है। हर साल की तरह इस बार भी बड़ी प्रतिमा की अपेक्षा छोटी प्रतिमा की मांग अधिक है। छोटे बच्चों की टोली तथा बहुत से घरों में विघ्नहर्ता की प्रतिमा विराजित कर अपनी आस्था प्रकट कर रहें है। क्षेत्र के बुन्देली, नर्मदा, कुकुरमुडा, चकनार, जीराटोला, मानपुर नाका, गुमानपुर, खैरबना सड़क अतरिया में गणेश पर्व को मनाने विशेष तैयारी किया गया है। समितियों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन भी तय किया है।

## जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा में उमड़े विद्यार्थी



**गंडई पंडरिया।** जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन जिले के 13 केंद्रों पर एक साथ किया गया। नगर में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल को भी केन्द्र बनाया गया था। गंडई केंद्र में 659 पंजीकृत छात्रों में से 543 परीक्षा में भाग लिया। यह परीक्षा तीन श्रेणियों में आयोजित की गई। प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हायर सेकेंडरी वर्ग के लिए विशेष प्रश्न पत्र तैयार किया गया था।चार भागों में विभक्त प्रश्न पत्र में 100 प्रश्न शामिल थे। केसीजी जिले से 30, छत्तीसगढ़ से 30, भारत से 30 और विश्व से 10 प्रश्न पूछे गए थे। परीक्षा के आयोजन में समिति के अध्यक्ष पन्नालाल जंघेल, विकासखंड प्रभारी कौशलसिंह राजपूत सहित शिक्षकों और अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। जिसमें वैद्यनाथ नागेन्द्र, पूर्णेश वैष्णव, चैतराम वर्मा, दीपक मिश्रा, उज्जवल नामदेव, खेमशंकर साहू, मुकेश कश्यप, योगेन्द्र कश्यप, तोकराम सिन्हा, कौशल श्रीवास्तव, पुनेश्वर देवांगन, राजेश श्रीवास्तव, गांधीराम साहू, भागचंद साहू, महेश वर्मा, देवानंद सोनी, रामदत्त साहू, भीखेन्द्र जंघेल, शिवचरण वर्मा, सीता साहू, लक्ष्मी निर्मलकर, नीता वैष्णव, ममता पटेल, लोमश पटेल, टार्जन नेताम, शेषनारायण साहू, सुशील साहू, विलासराज देवांगन, देवेश देवांगन, डोगेंद्र वर्मा, नीलम चतुर्वेदी, पितांबर सिंह मेरावी, जितेंद्र जयसवाल, पुरुषोत्तम साहू, शेख कलीम, विनोद कुमार कश्यप, विवेक ठाकुर और योगेंद्र कौशिक शामिल थे।

### टीम बनाकर किया फसल बीमा के पैसों का बंदरबाट

# फसल बीमा के नाम पर लाखों की गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर की नजदीकी ग्राम पंचायत धोधा में फसल बीमा के नाम पर लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा करने की जानकारियां सामने आ रही है। जिन किसानों ने फसल लगाया और बीमा कराया उन्हे विपरीत परिस्थितियां होने के बाद भी फसल बीमा की राशि आज तक प्राप्त नहीं हो पाई है, वहीं जिन्होंने फसल नहीं लगाया उन्हें फसल बीमा की राशि प्रदान किया गया है। बीमा से वंचित ग्रामीणों में रोष उत्पन्न हो गया है। मामले की जानकारी होने के बाद ग्रामीण कलेक्टर,एसडीएम या अन्य अधिकारी से शिकायत करने की तैयारी में है।




**क्या है पूरा मामला**

ग्राम पंचायत धोधा में बीते कई वर्षों से सम्मलित चारागाह है जिसमे 20 लोगों का नाम शामिल है। उक्त चारागाह के नाम पर फसल बीमा किया गया है जबकि चारागाह में किसी प्रकार का फसल नही लगाया जाता है। चारागाह के खसरा नंबर 85 में बकायदा 90685 रुपए का भुगतान ग्राम के एक व्यक्ति के नाम से किया गया है। ऑनलाइन चेक करने पर पता चला है कि धोधा स्थित सम्मलित चारागाह में गंडई के राज परिवार के राजा स्व लाल डोगेन्द्र शाह पिता लाल मूरत सिंह, हरिराम लोधी, संतोषकुमार राजपूत, रामाबाई राजपूत, सीताराम लोधी सहित 20 लोगों का नाम दर्ज है। सम्मलित चारागाह का खसरा नम्बर 85 लगभग 11 एकड़ है। इस चारागाह का फर्जी तरीके से फसल बीमा किया और गांव के अनीश राजपूत दस्तावेज लेखक के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के खाता नम्बर 102003711327 पर बीमा की राशि 90 हजार 685 रुपए ट्रांसफर किया गया है।

**जांच कराया जाएगा**

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकर ने बताया कि इस प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कराया जाएगा।

**मैंने बीमा कराया**

दस्तावेज लेखक अनीश राजपूत ने बताया कि मेरे द्वारा अपनी जमीन का बीमा कराया गया था। मेरे परिवार के कुछ सदस्यों की फसल का बीमा कराया गया था। उक्त सम्मलित चारागाह का बीमा कैसे हुआ यह मुझे पता नहीं।

**ऐसे मिलता है फसल बीमा का पैसा**

खसरा नंबर और रकबा के हिसाब से फसल का बीमा करवाया जाता है इसके लिए पटवारी का असिस्टेंस, ग्राम सेवक, बीमा कम्पनी एवं अन्य जिम्मेदारों की अलग अलग भूमिका रहती है । जिसके नाम से फसल बीमा होता है उसका एकाउंट नम्बर भरा जाता है इसके लिए हितग्राही के मोबाइल नम्बर पर बकायदा ओटीपी आता है जिसे उससे पूछ कर ओटीपी भरकर फार्म कम्प्लीट किया जाता है। इसी प्रक्रिया के तहत उक्त सम्मलित घास भूमि का बीमा का राशि अनीश राजपूत जो वर्तमान में दस्तावेज लेखक के रूप में कार्यरत है के खाते में ट्रांसफर किया गया है।

**पात्र किसान लाभ से वंचित**

ग्राम पंचायत धोधा में फसल बीमा के दर्जनों पात्र हितग्राही है जिन्होंने फसल बीमा कराया था परंतु बीमा कम्पनी के द्वारा उन्हें बीमा का पैसा न देकर अपात्र को बीमा का पैसा दे दिया है जिसके कारण ग्रामीणों में रोष का माहौल है। ग्रामीणों की माने तो यह सिलसिला कई सालों से चल रहा है।ग्रामीण अब लामबंद होकर जल्द ही इस मामले पर शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग करने के मूड में हैं। कहा जा रहा है कि निष्पक्ष जांच होने पर ऐसे दर्जनों मामले सामने आ सकते हैं।

## डायरिया नहीं अलग-अलग कारणों से हुई मौत

- परीक्षण बाद विभाग ने की स्थिति साफ

**खैरागढ़।** देवारीभाठ के बाद शहर के गंजीपारा और किल्लापारा में डायरिया से मौत की अफवाहों को स्वास्थ्य विभाग ने गलत बताया है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म में दो दिन पहले किल्लापारा के एक व्यक्ति और शनिवार सुबह गंजीपारा वार्ड की एक महिला की मौत को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया था और लोग साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्था को लेकर नपा और जिला प्रशासन पर भड़ास निकाल रहे थे, लेकिन दोपहर बाद दोनों की मौत के अलग-अलग कारणों को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी साझा करने के बाद माहौल शांत हुआ है।

सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि दोनों की मौत अलग-अलग कारणो से हुई है। आम लोगों को भयभीत करने के उद्देश्य से भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही थी। उन्होंने बताया कि बीएमओ डॉ विवेक बिसेन सहित विभागीय अमले ने दोनों मृतकों के घर जाकर उनका पुराना मेडिकल रिपोर्ट देखने और परिजनों से जानकारी ली उसके अनुसार किल्लापारा के मोहन चंद्राकर 62 साल की मौत चक्कर आने और लगातार दो बार उल्टी के चलते अचानक हुई है।

वही गंजीपारा की महिला सीमा यादव को किडनी से संबंधित रोग था। निजी अस्पताल मे इलाज चल रहा था और कब्जियत के चलते उसने कुछ दवाईयॉ खाई थी। दोनों की मौत को डायरिया संक्रमण से नही होना बताते हुए उन्होंने आम लोगों को बारिश के मौसम मे सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने किया अवलोकन

**खैरागढ़।** इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के मूर्तिकला विभाग में निर्माणाधीन असम के प्रसिद्ध साहित्यकार रघुनाथ चौधरी की प्रतिमा का राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने अवलोकन किया। सोमवार 25 जुलाई को महामहिम राज्यपाल विश्वविद्यालय पहुंचे जहां कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया। गेस्ट हाउस में अधिकारियों से चर्चा पश्चात राज्यपाल एवं कुलाधिपति मूर्तिकला विभाग पहुंचे जहां साहित्यकार रघुनाथ चौधरी की प्रतिमा के प्रारंभिक निर्माण (मिट्टी से बने ढांचे) का अवलोकन किया। प्रतिमा के प्रारंभिक निर्माण को देखकर राज्यपाल प्रसन्न हुए और कांस्य प्रतिमा निर्माण के लिए आगे की कार्यवाही शुरू करने की अनुमति प्रदान की।



**प्रतिमा निर्माण के लिए विवि को दी थी बड़ी जिम्मेदारी**

कुलाधिपति एवं राज्यपाल ने असम के भारतीय लेखक रघुनाथ चौधरी की प्रतिमा बनाने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को दो माह पूर्व बड़ी जिम्मेदारी दी थी। कुलपति से चर्चा के दौरान राज्यपाल ने गुणवत्तापूर्ण तथा परफेक्शन के साथ प्रतिमा निर्माण कराने की बात कही थी। रघुनाथ चौधरी असमिया साहित्य के जोनाकी युग के एक भारतीय लेखक थे। उन्हें बिहोगी कोबी (पक्षियों के कवि) के रूप में जाना जाता है क्योंकि उनके अधिकांश लेखन पक्षियों और प्रकृति पर आधारित हैं।

## नगर में बिना लाइसेंस चल रही सूदखोरी

- 5 से 10 प्रतिशत ले रहे ब्याज, गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान नगर एवं क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही साहूकारी और ब्याज पर पैसे देने का धंधा इन दिनों चरम पर है। बिना लाइसेंस के चल रही यह काली कमाई की दुनिया अब एक संगठित रूप लेती जा रही है। लोगों को दो से दस प्रतिशत तक मासिक ब्याज दर पर पैसा दिया जा रहा है, वह भी बिना लिखित दस्तावेज़ के। इस गैरकानूनी वित्तीय लेन-देन का सबसे अधिक असर उन गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है, जो किसी ज़रूरत या आपात स्थिति में साहूकारों से रकम लेते हैं। एक बार कर्ज़ लेने के बाद लोग वर्षों तक सिर्फ ब्याज चुकाते रहते हैं। मूलधन कभी उतरता ही नहीं। ब्याज में फंसे लोगों की हालत इतना खराब है कि वह नगर में छुप कर आना जाना करते हैं।

क्षेत्र में ब्याज का काम इतना जोरो पर है कि इसका अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि साहूकार बगैर लायसेंस के पैसा बांटकर वसूली कर रहा और पैसे की लालच में लोग फंसते जा रहे है। नगर में बगैर लायसेंस के ब्याज में पैसा बांट रहा तो कुछ लोग तो बाजू के शहर और जिले से आकर पैसा बांट रहे है। उनके पास से ब्याज में पैसे लेने वाले ब्याज देकर बर्बादी के कगार पर पहुंच चुके है।

**जुए के अड्डों में दैनिक ब्याज प्रथा**

क्षेत्र के कुछ जुए के अड्डों में स्थिति और भी भयावह है। यहां लोगों को प्रतिदिन 10 प्रतिशत की ब्याज दर पर पैसे उधार दिए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि अगर किसी 1हजार उधार लिया तो उसे अगले दिन 11 सौ लौटाना पड़ता है। कोई लौटा नहीं पाता तो ब्याज पर फिर ब्याज जुड़ जाता है। एक पीड़ित ने बताया कि ब्याज का मतलब ऐसा नहीं है कि आज लिए 1000 रुपए पैसा का एक माह में 1100 देना है। उसे प्रतिदिन के हिसाब से 100 रुपए ब्याज के तौर पर देना पड़ता है। ब्याज चुकाते कुछ लोगों के हालात ऐसे हो गए साहूकार के आने की खबर मिलते ही वह दुकानदारी बंद कर फरार हो जाते है।

**पुलिस कार्रवाई की मांग**

क्षेत्रवासियों ने ब्याज के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की मांग की है। हैरानी वाली बात यह है कि सब कुछ खुलेआम हो रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से माहौल खराब होते जा रहा है। समाजसेवियों का कहना है कि यह एक गंभीर सामाजिक संकट का संकेत है। जो व्यक्ति एक बार ब्याज में पैसा लिया वह कभी उभर नहीं पाता। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो यह लोगों को न सिर्फ आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

## सांसद की पहल पर ठेलकाडीह को मिली महतारी सदन की सौगात

- 30 लाख से बनेगा महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

ब्लॉक अंतर्गत ग्रापं ठेलकाडीह को विकास की बड़ी सौगात मिली है। सांसद संतोष पांडेय की अनुशंसा और विशेष प्रयास से गांव में भव्य महतारी सदन निर्माण के लिए राज्य शासन ने 30 लाख रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इस निर्णय से उत्साहित जिपं सदस्य प्रतिनिधि जीवन देवांगन ने कहा कि ठेलकाडीह बड़ा और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण गांव है, जहां आसपास के पचासो ग्रामों की आवाजाही रहती है। ऐसे में यहां महतारी सदन का निर्माण महिला समूहों और ग्रामीण गतिविधियों के लिए बेहद उपयोगी व आवश्यक साबित होगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार



और प्रदेश की भाजपा सरकार विकास कार्यों को धरातल पर उतार रही है। मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

ठेलकाडीह को मिली सौगात पर जिपं सभापति भुवनेश्वरी देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, जीवन देवांगन, उदेलाल वर्मा, ध्यानचंद बाफना, ललित चोपड़ा, नारायण साहू, सविता जांगड़े, भूपेंद्र ठाकुर, योगेंद्र पाल, रेवाराम वर्मा, विश्राम वर्मा, भुवन वर्मा, श्यामसुंदर साहू, महेश पाल, शैलेश साहू, कोमल चंदेल, गिरजु देशलहरा, शकुन यदु सहित ग्रामीणो व भाजपा कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सांसद संतोष पांडेय का आभार व्यक्त किया है।

**श्रेय लेने की मची होड़**

बीते दिनों राज्य शासन द्वारा ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी व आत्म निर्भर बनाने और सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जिलों में 490 करोड़ से उपर की राशि 166 महतारी सदन के लिए जारी की है इसी क्रम में जिले के बुंदेली, अकरजन और ठेलकाडीह में 30-30 लाख की लागत से महतारी सदन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई है। उक्त स्वीकृति आदेश जारी होने के साथ ही इसका श्रेय लेने नेताओं में होड़ मच गई है।

## मंदिर का जल है फसलों के लिए अमृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

मां गंगई पर विश्वास किसानों को दूर-दूर से खींच लाता है। यह परंपरा गंगई बीमारी से फसलों को बचाने के लिए किसान मां गंगई मंदिर के जल का उपयोग सालों से करते आ रहे है। किसान इस पानी को फसलों के लिए संजीवनी मानते है, जो फसल को रोग मुक्त करता है।

जानकारी के अनुसार बुधवार और रविवार को मिलने वाले इस पवित्र जल को लेने के लिए स्थानीय के साथ अन्य जिलों के किसान यहाँ पहुँचते हैं। किसान इस जल को पहले गाँव के मंदिर में चढ़ाते हैं, और फिर नीम की पत्ती से खेतों के तीन कोनों में इसका छिड़काव करते हैं। उनका मानना है कि इस छिड़काव से फसलें रोगमुक्त हो जाती हैं और पैदावार अच्छी होती है।

मंदिर के पुजारी अनुभव दुबे बताते हैं कि यह एक विशेष अनुष्ठान है। सुबह मां गंगई को स्नान कराने के बाद उसी जल को किसानों द्वारा लाए गए जल में मिलाया जाता है। इसके बाद कुमकुम और बंधन लगाकर विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है और फिर यह पवित्र जल किसानों को सौंपा जाता है। यह अनूठी परंपरा सिर्फ आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि प्रकृति और आध्यात्म के बीच के गहरे संबंध को दर्शाती है। यह दिखाता है कि कैसे किसान पीढ़ी-दर-पीढ़ी अपने विश्वासों और प्राचीन पद्धतियों के माध्यम से खेती को सफल बनाने का प्रयास करते आ रहे हैं।



## गोविंदा उत्सव 31 को

**मुरमुंदा।** श्री राम भक्त युवा समिति मुरमुंदा द्वारा आगामी 31 अगस्त को बाजार चौक में भव्य दही हांडी का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति के जमीद भोयर एवं राकेश यादव ने बताया कि दही हांडी लूटने वाली टोली को 55555 रुपए दिया जाएगा। समिति ने आस पास के लोगो को आने की अपील की है।

## अज्ञात शव का किया अंतिम संस्कार



**साल्हेवारा।** शनिवार को साल्हेवारा क्षेत्र के जंगल में ग्रामीणों ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दिया था। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही की। पोस्टमार्टम के बाद शव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मर्चुरी में सुरक्षित रखा गया। पुलिस ने मृतक की पहचान करने के लिए आसपास के गांवों में मुनादी कराई। दो दिनों तक मृतक के परिजनों का सुराग नहीं मिलने के बाद 25 अगस्त को पुलिस ने जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोगों की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया।

## अनिल बने कैट के प्रदेश संरक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव से अनिल बरडिया को कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ के प्रदेश संरक्षक मंडल में शामिल किया गया है। इस अवसर पर राजनांदगांव जिला कैट परिवार ने श्री बरड़िया को संरक्षक पद पर मनोनयन के लिए बधाई दी।

जिला अध्यक्ष राजू डागा ने कहा कि अनिल बरड़िया के नेतृत्व से जिला कैट नई ऊंचाईयों तक पहुंचेगा और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान और भी सुगमता से होगा।

कार्यक्रम में संतोष अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत, नखमल कोटड़िया, अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, लक्ष्मण लोहिया, शरद अग्रवाल, आवतराम तेजवानी, मंशाराम मोटलानी, राजेश डागा, आलोक बिंदल, राजा माखीजा, संजय तेजवानी, ब्रिजकिशोर सुरजन, प्रकाश काकरिया, फैनेन्द्र बैद, विनेश चोपड़ा, ललित भंसाली, भागचंद गिड़िया, अमित खंडेलवाल, अशोक सोनी, बालू भंसाली, अशोक मोदी, नरेन्द्र डाकलिया, नथमल कोटड़यिा, ज्ञानचंद नथलखा, राजेश जैन, मोती बैद, संजय रिझवानी, ललित मुणोत, अशोक कोचर, स्वरूप चोपडा, कुशाल पारख, किशन गिडिया, सुदर्शन सुराणा सहित जिला कैट परिवार ने बधाई दी। उक्त जानकारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

### मुढ़ीपार व सोनभट्ठा में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

# विक्रांत ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुढ़ीपार एवं सोनभट्ठा में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू तथा निवर्तमान अध्यक्ष घम्मन साहू ने की।

मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने बारी-बारी से मैदान में उतरे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कबड्डी न केवल गांव-गांव को जोड़ने वाला खेल है, बल्कि यह हमारी परंपरागत खेल संस्कृति की पहचान है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल को खेल भावना के साथ खेलें और हार-जीत से ऊपर उठकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।



**ग्रामीणों की रही बड़ी उपस्थिति**

प्रतियोगिता को देखने के लिए क्षेत्र के आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल का रोमांच देर रात तक जारी रहा। इस दौरान गोरेलाल वर्मा, कुमेश साहू, नरोत्तम सिन्हा, तोपसिंग राजपूत, खुमान लहरे, आदर्श बहादुर सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंच पर मौजूद रहे।

**खेल से मिलता है आत्मविश्वास**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि कबड्डी जैसे खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि हार से निराश होने के बजाय उसे अगले प्रयास के लिए प्रेरणा मानना चाहिए। सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित ऐसे खेल आयोजन से छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है।

## व्यापारी लीडर सम्मेलन में शामिल हुए पदाधिकारी



**राजनांदगांव।** दिल्ली के अम्बेडकर इंटरनेशनल भवन में आयोजित एंटरप्रेन्योर्स एंड ट्रेडर्स लीडरशिप समिट में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित सेमिनार केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की आतिथ्य में संपन हुआ। सम्मेलन में देशभर से प्रमुख व्यापारी संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चेम्बर्स आफ कामर्स का 15 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ। चेम्बर के प्रतिनिधि मंडल ने पीयूष गोयल से व्यापारी समस्या पर विस्तृत चर्चा कर रायपुर में चेम्बर के वार्षिक अधिवेशन में आने का निमंत्रण दिया। प्रतिनिधि मंडल में चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, प्रमुख सलाहकार लाभचंद बाफना, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, ललित जयसिंग, जसप्रीत सिंह सलुजा, वाइस चेयरमैन चेतन तरवानी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सेतपाल, लोकेश चंद्रकांत जैन, पंकज जैन, आर्यन सुंदरानी, मुकेश गर्ग, सुरेश कृपलानी व राजा माखीजा शामिल थे।

ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
अशोका आई. टी. आई.
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स 10000/- वार्षिक फीस
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स 10000/- वार्षिक फीस
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
8319493983, 8602502398, 7000629783
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास, जी. ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | E-mail: ashokaiti2019@gmail.com




## सार समाचार

### शीतला माता मंदिर परिसर में पौधरोपण



**राजनांदगांव।** जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू का जन्मदिन 27 अगस्त को पौधरोपण कर मनाया गया। उन्होंने माता देवाला शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना कर बिना केक काटे दो पौधा कदम एवं नारियल, माता-पिता के नाम पौधारोपण किया गया। इस दौरान राज महाराज पुजारी, पूर्व पार्षद रिखी यादव, पार्षद राजेश यादव, खोपचा ग्रुप से अध्यक्ष भागवत साहू, राकेश तिवारी, नागेश तिवारी, नागेश श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, मोहन निषाद, झुमुक यादव, नकुल धीवर, जय वीरू, प्रकाश सेन, गौतम कोटडिया, राजू यादव, विकास सोनी, लच्छू यादव, मोर्चा के सदस्यगण तथा मोहल्लेवासी की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी जनहित मोर्चा के सचिव घनश्याम दास वैष्णव ने दी।

### प्रदीप का अभिनंदन



**राजनांदगांव।** माहेश्वरी सभा राजनांदगांव द्वारा आयोजित वनभोज समिति तथा प्रतिभा सम्मान समारोह में पूर्व सांसद प्रदीप गांधी का कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के चुनाव में सर्वाधिक 507 मत प्राप्त कर विजय होने पर समाज प्रमुखों द्वारा शॉल पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने कहा कि सदैव मुझे समाज का प्यार और स्नेह मिला तथा समाज ने सदैव मेरा मनोबल बढ़ाया। इस खुशी के क्षण में भी समाज का प्यार मेरे साथ है। देशभर के सभी दल के सांसदों ने अपना प्यार मुझे दिया, यह मेरे साथ समाज के लिए गर्व व गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि इस क्लब के अध्यक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चतुर्भुज राठी, दामोदर मुंदडा, ब्रिजकिशोर सुरजन, दिनेश गांधी, राधाकिशन राठी, सूर्यकांत चितलांग्या, अध्यक्ष पवन डागा व समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

### पशुक्रूरता के मामले में फरार वारंटी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने पशुक्रूरता के मामले में फरार स्थायी वारंटी को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर पुलिस ने 25 अगस्त को वर्ष 2014 धारा पशुक्रूरता प्रकरण में लंबे अरसे से फरार चल रहे स्थायी वारंटी हीरालाल 19 साल निवासी मोहया खेडा थाना चिचगढ़ जिला गोदिया महाराष्ट्र को छुरिया पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### चाकू के साथ युवक पकड़ाया

**राजनांदगांव।** चाकू के साथ एक युवक को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार निरीक्षक रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में आगामी गणेश पर्व झांकी विसर्जन के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 25 अगस्त को मुखबीर की सूचना पर ममता नगर निवासी आरोपी धीरज नागदेवे को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से धारदार लोहे का चाकू बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार जमानत पर छूटने के बाद आरोपी ने नया बस स्टैंड, दादा ट्रेव्हल्स ऑफिस के सामने खड़े होकर पुलिस में शिकायत करने वालों को जान से मारने की धमकी दी। मौके पर पुलिस द्वारा समझाइश देने पर भी आरोपी नहीं माना, जिस पर उसे धारा 170 बीएनएसएस के तहत पुनः गिरफ्तार किया गया और संबंधित धाराओं में इस्तगासा कायम कर न्यायालय के आदेशानुसार जिला जेल राजनांदगांव भेजा गया।

### कार्यभार समारोह में शामिल हुआ मोर्चा



**राजनांदगांव।** नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकारिहा के कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम में जिला युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। राजधानी में हुए इस आयोजन में सभी ने प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया और उन्हें कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि राजधानी में कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरीया ने जिला मोर्चा से भी चर्चा की। उन्होंने जानकारी दी कि वे सभी जिलों के दौरे पर निकलने वाले हैं। जल्द ही उनका राजनांदगांव आगमन भी होगा। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों और सांगठनिक गतिविधियों को लेकर भी उन्होंने मोर्चा पदाधिकारियों से चर्चा की।

आयोजन में जिले से नीरज यादव, दुर्गेश साहू, विवेक शर्मा, पिंटू वर्मा, देवा झा, करण कश्यप, उज्जवल कसेर, ज्ञानेश गुप्ता, चिंटू सोनकर, अनंत तिवारी, जयंत साहू, संयम शर्मा, आशुतोष सिंह, सुमित मिश्रा, यश पारख, साकेत वैष्णव, अंशुल श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, हिमांशु सोनवानी, अरविंद बैद, अमन जायसवाल, रवि राजपूत, नितेश नायक, अभिषेक यदु, प्रिंस प्रशांत हाथीबेड़, अमितेष झा, हर्षू चौधरी, आंजनेय शर्मा, मनीष यादव, बाबू झा, देव, खुशाल यादव, दिव्यांश देवांगन, राजा सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### 27 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के आदेशानुसार गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व के प्रथम दिवस के उपलक्ष्य में 27 अगस्त को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल करें। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

## महापौर ने ली विभागीय बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

# पेंचवर्क और विद्युत व्यवस्था करें दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के विभागीय अधिकारियों की बैठक में महापौर मधुसूदन यादव ने गणेश पर्व को देखते शहर में पेंचवर्क सहित विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के अलावा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वूमेन फार ट्री के तहत शहर में लग रहे वृक्षारोपण के प्रगति की जानकारी ली। बैठक में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा सहित सुनील साहू, राजेश जैन रानू, सावन वर्मा, शैकी बग्गा, अलोक श्रोती, वर्षा शरद सिन्हा, केवरा विजय राय एवं डिलेश्वर साहू की उपस्थिति रही।

बैठक में कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके व दीपक खांडे, राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, प्र. कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव सहित उप अभियंतागण तथा विभागी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### डिवाईडरों की लाईट करें ठीक

आयुक्त विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि आवश्यकतानुसार इंटर कनेक्शन एवं पाईप लाइन विस्तार करने कार्य योजना तैयार की जा रही है। महापौर ने विद्युत व्यवस्था के संबंध में कहा कि गणेश पर्व को देखते शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त रखें, विसर्जन कुंड के आसपास भी लाईट की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही डिवाईडरों की लाईटें भी ठीक करें। बरसात के हिसाब से विद्युत सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखें।

### कार्ययोजना तैयार कर करें कार्य

बैठक में महापौर यादव ने पेयजल सप्लाई के बारे में चर्चा कर गर्मी में जिन वार्डों में पानी की समस्या आई उसे कैसे ठीक करना है, उसके लिए अभी से कार्ययोजना तैयार कर कार्य करें। लिकेज टंकियों को ठीक कर खराब वाल्व का मरम्मत करें तथा आवश्यकतानुसार नया वाल्व लगाएं। उन्होंने जल विभाग के अधिकारियों से कहा कि वर्तमान में वर्षा ऋतु चल रही है। जिसमें पानी की खपत कम होती है, इस आधार पर कम पानी आने वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर व्यवस्था दुरूस्त करें।

## तलवार लहराता युवक पकड़ाया



**राजनांदगांव।** सार्वजनिक स्थान पर तलवार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति बड़े मंदिर मेन रोड तिराहा डोंगरगढ़ के पास धारदार लोहे का तलवार रखकर लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर तलवार लहरा रहे व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़कर आरोपी से नाम-पता पूछने पर अपना नाम किशोर कोचे 55 साल निवासी संजय नगर का रहने वाला बताया। जिसके विरूद्ध धारा-25, 27 आर्म्स की कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# प्रदर्शन स्थल पर पूजा-अर्चना कर मनाया तीज

**राजनांदगांव।** एक तरफ तीज पर्व को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह बना रहा। वहीं दूसरी ओर अपनी मांगों को पूरी करने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी एनएचएम कार्यकर्ताओं ने तीज का पर्व धरना प्रदर्शन स्थल पर ही मनाया। यहां महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और धरनास्थल पर ही पंडित को बुलाकर सारी रस्में संपन्न की।

एनएचएम की कर्मचारियों ने तीज पर्व पर भी अपना हड़ताल जारी रखते प्रदर्शन स्थल पर ही तीज मनाने का आह्वान किया था। जिसके तहत आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे धरना प्रदर्शन स्थल पर ही तीज का पर्व मनाया गया। यहां एक दिन पूर्व महिला कर्मचारियों ने कडु भात खाया और आज व्रत रखकर भी धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन स्थल पर ही महिलाओं ने तीज पर्व को भी विधि-विधान से मनाते हुए पूजन सामग्री लाकर सामूहिक पूजा-अर्चना की।



### सादगी से मनाया पर्व

महिलाओं में तीज पर्व को लेकर काफी उत्साह रहता है। तीज की तैयारी में महिलाएं पहले से ही जुटी रहती है, लेकिन एनएचएम की महिला कर्मचारियों ने इस तीज के उत्साह को काफी सादगी से मनाया। उन्होंने धरना प्रदर्शन स्थल पर उपवास रखकर भी अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और शासन को संदेश दिया कि जब त्यौहार पर डटे हैं तो फिर मांग पूरी होने तक नहीं हटेंगे।

### कर्मचारी साथियों के बीच तीज

अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी महिलाओं के लिए यह अवसर पहली बार आया है, जब उन्हें सड़क पर बैठकर तीज का पर्व मानना पड़ा है। महिलाओं ने तीज को लेकर अपने घर पर तैयारी नहीं की, बल्कि धरना प्रदर्शन स्थल पर ही तीज मनाने के लिए विवश हो गई। तीज उन्होंने अपने परिवार के बीच न मनाकर अपने हितों के लिए संघर्ष कर रहे कर्मचारियों के साथ मनाया।

## तीज पर्व...



राजनांदगांव। तीज पर्व पर महिलाओं ने कठिन व्रत रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना की।

### दो पर पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने दो के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने हेतु पुलिस लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इस दौरान अनावेदक सचिन उके 28 साल निवासी टिकरपारा अपने घर में वाद-विवाद कर शांति भंग कर रहा था। इसी प्रकार अनावेदक विजय साहू 31 साल निवासी ग्राम नागतराई तहसील कार्यालय परिसर में शराब के नशे में वाद-विवाद कर शांति भंग कर रहा था एवं मारने-पीटने पर उतारू हो गया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पुलिस के समझाने पर भी नहीं मानने पर अनावेदकों के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है।

# कृषि के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रमों का भी संरक्षित कर रहा रिलायंस

**राजनांदगांव।** अगस्त का महीना आते ही राजनांदगांव का एक छोटा सा गांव रंगों और गतिविधियों से भर जाता है। हर अगस्त में कोलिहापुरी गांव धान की रोपाई के अंत का प्रतीक पोला उत्सव के साथ-साथ अपना वार्षिक खेल महोत्सव भी मनाता है। युवा खेल समितियां आलू दौड़, बेल दौड़, फुगड़ी, मटका फोड़, गेड़ी, रस्साकशी और कई अन्य खेलों की योजना बनाती है। महिलाएं और पुरूष समान रूप से आगे आते हैं और प्रतिस्पर्धी भावना और उत्साह के साथ भाग लेते हैं।

वर्षों से रिलायंस फाउंडेशन ने यहां के लोगों के साथ एक मधुर संबंध बनाया है। सामाजिक पहलों से लेकर खेलों तक रिलायंस फाउंडेशन आगे रहा है। जमीनी स्तर की गतिविधियों से आपसी संबंधों को मजबूत करने मदद में मदद मिली है। 2012-13 में रिलायंस फाउंडेशन ने एक ग्राम संघ बनाने में मदद की, जो सभी विकास गतिविधियों का केंद्र बिंदु बन गया। विचार-विमर्श के बाद सदस्यों ने सामूहिक रूप से पानी को सबसे आवश्यक जरूरत मानने का फैसला किया और 2.5 किमी लंबी लिफ्ट इरिगेशन पाईप लाइन बिछाने में सहयोग देने के अलावा इस प्रणाली का सामूहिक प्रबंधन करने एक जल उपयोगकर्ता समूह का गठन किया। कृषि के साथ-साथ रिलायंस फाउंडेशन ने सामुदायिक संस्थाओं को भी पोषित किया। एक ग्राम संघ बनाया गया। जिसमें पूरी तरह से किसानों द्वारा योगदान दिया गया। एक ग्राम विकास कोष बनाया गया। पिछले पांच वर्षों में समुदाय ने इस



जिम्मेदारी का भार अपने ऊपर ले लिया है। यह कोष जो अब बढ़कर 2.80 लाख हो गया है। कृषि इनपुट, चिकित्सा आवश्यकताओं या अप्रत्याशित खर्चों के लिए आपात स्थिति में यह कोष जीवनरेखा का काम करता है।

किसान दानिश वर्मा कहते हैं कि अब किसान तीन फसलें उगाते हैं, चना, गेहूं और मूंग, जहां पहले हमें एक फसल के लिए संघर्ष करना पड़ता था, रिलायंस फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई लिफ्ट इरिगेशन ने हमारी पैदावार को दोगुना कर दिया है और अब इसे पड़ोसी गांवों में भी अपनाया जा रहा है। कोलिहापुरी की कक्षा 8वीं की छात्रा जया वर्मा कहती है कि मुझे खेल खेलना बहुत पसंद है। पिछले साल मैंने फुगड़ी में प्रथम पुरस्कार जीता था।

## सहदेव नगर में बनेगी अहमदनगर के विशाल गणपति की झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्री सेवा समिति सहदेव नगर (फ्लाई ओवरब्रिज) गणेश उत्सव स्थल पर अहमदनगर के विशाल गणपति की झांकी बनेगी। शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के सदस्य एवं श्री सेवा समिति के सक्रिय पदाधिकारी पंकज कुंरजेकर ने जानकारी दी है कि इस वर्ष सहदेव नगर फ्लाई ओवर के नीचे आयोजित गणेश उत्सव स्थल पर भव्य झांकी का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस बार झांकी में अहमदनगर के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व वाले विशाल गणपति मंदिर का प्रारूप प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आयोजक मंडल ने बच्चों और युवाओं के मनोरंजन हेतु डिज़्नीलैंड थीम को भी आकर्षण के रूप में शामिल किया है।

समिति के सदस्यों के सहयोग से पिछले 42 वर्षों से गणेश महोत्सव का आयोजन लगातार किया जा रहा है। विगत कई वर्षों से झांकी निर्माण भी इस उत्सव का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। इस वर्ष की विशेष झांकी को लेकर आयोजकों को उम्मीद है कि यह प्रयास नगरवासियों को विशेष रूप से पसंद आएगा और परंपरा तथा संस्कृति को नई दिशा देगा।

# गणेश की प्रतिमा लेने पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर फ्लाई ओवर के नीचे लगभग 50 दुकानों में आकर्षक गणेश प्रतिमाओं की बिक्री की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु बप्पा की प्रतिमा लेने भी पहुंच रहे हैं। यहां सजी दुकानों में छोटी-बड़ी सैकड़ों प्रतिमाएं श्रद्धालुओं का मन मोह रही है।

राजनांदगांव शहर में गणेश पर्व का काफी उत्साह रहता है। गली-मोहल्लों में विभिन्न गणेश उत्सव समितियों के अलावा घरों में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाती है। 11 दिन तक चलने वाले इस पर्व को काफी भक्तिभाव के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर श्रद्धालु भगवान विघ्नहर्ता की प्रतिमा लेने पहुंच रहे हैं। यह सिलसिला गणेश चतुर्थी से एक दिन पहले ही शुरू हो गया है। मूर्तिकारों के लिए फ्लाई ओवर के नीचे बनाए गए अस्थाई दुकानों में भगवान गणेश बाल रूप में, हनुमान जी के रूप में, कृष्णा और भगवान राम के रूप में, भाई कार्तिक और माता पार्वती, भगवान शंकर के साथ अलग-अलग मुद्राओं में है।



### इस वर्ष बेहतर हुआ व्यवसाय

मूर्तिकारों का कहना है कि इस वर्ष गणेश प्रतिमाओं की काफी अच्छी बिक्री हुई है। हेमंत कुमार प्रजापति ने कहा कि बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष जल्दी प्रतिमा बिक गई है। उन्होंने बताया कि उनके पास 7 सौ रुपए से लेकर 7 हजार रुपए तक की प्रतिमा उपलब्ध है।

### भक्त हो रहे आकर्षित

गणेश प्रतिमाओं की दुकानों में पहुंचकर श्रद्धालु बप्पा की प्रतिमा पसंद कर रहे हैं। इसमें बच्चे और महिलाओं की संख्या काफी अधिक है। लोग धूमधाम से बप्पा को विराजित करने प्रतिमा ले जा रहे हैं। इस दौरान प्रतिमा बिक्री स्थल पर सजावट और पूजन सामग्री की दुकान भी लगी हुई है।

### छह म्यूल एकाउंट खाताधारकों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने में अपने खाता का उपयोग करने वालों की जांच पड़ताल की जा रही है। जिसके तहत छह म्यूल एकाउंट खाताधारकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिए उपयोग में लाया गया है, की जानकारी समन्वय पोर्टल में प्रदर्शित होता है। पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार बंधन बैंक शाखा डोंगरगढ़ में खुले 21 विभिन्न म्यूल बैंक खातों में 25 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि 1006544 रुपए जमा होना पाया गया, जिस पर 15 जुंलाई 2025 को थाना डोंगरगढ़ में धारा- 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## खबर संक्षेप

### विकास पाण्डेय ने विधायक भावना को जन्मदिन की दी बधाई



**हरिभूमि कवर्धा।** पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास पाण्डेय ने विधायक श्रीमती भावना बोहरा को जन्मदिन की शुभ अवसर पर विघ्नहर्ता श्री गणेश मूर्ति उपहार स्वरूप भेंटकर मंगल कामना की। छत्तीसगढ़ विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक व समाजसेवी भावना बोहरा ने 24 अगस्त रविवार को अपना 44 वां जन्मदिन अपने समर्थकों एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के आवाम व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बड़े धूमधाम से कवर्धा स्थित निज निवास जिला भाजपा कार्यालय कवर्धा एवं गृह निवास रणवीरपुर में मनाया। जहां जिले भर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने विधायक भावना बोहरा को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देने पहुंचे। वही भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी, श्रीमती भावना बोहरा के जन्मदिन पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजनांदगांव विकास पाण्डेय ने भी उनके गृह निवास रणवीरपुर पहुंचकर विधायक भावना बोहरा को जन्मदिन की बधाई एवं उपहार स्वरूप श्री गणेश की प्रतिमा भेंटकर उनके उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

### नगर पंचायत पिपरिया में 24 घंटे का सतनाम धुनी आयोजन आज से

**हरिभूमि बरबसपुर।** नगर पंचायत पिपरिया में 24 घंटे का गुरु घासीदास बाबा के सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने का उपदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए सतनामी समाज द्वारा 27 अगस्त को दोपहर 3 बजे वार्ड क्रमांक 10 में सतनाम धुनी का भव्य आयोजन किया जाएगा। जो 28 अगस्त तक नगर सहित आसपास गांव से पहुंचने वाले सतनाम पंथी टोली सतनाम का जाप करेंगे। वहीं आसपास के सतनाम टोली से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

# सांसद संतोष पांडेय की पहल का असर, दो बड़ी सड़क की मिली स्वीकृति, क्षेत्रवासियों ने जताया आभार

- लखनादौन–बालाघाट–लांजी–खैरागढ़–रायपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का डीपीआर दिसंबर 2025 तक होगा तैयार : नितिन गडकरी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दिल्ली में संसद के मानसून सत्र के दौरान क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री



नितिन गडकरी से मुलाकात कर विभिन्न महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की थी, इसका असर अब दिखने लगा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व में सांसद पांडेय की मांग पर स्वीकृत लखनादौन–बालाघाट–लांजी–खैरागढ़–रायपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का डीपीआर दिसंबर 2025 तक तैयार कर लिए जाने की घोषणा की। इससे करीब 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से 220 किमी लंबे हाई स्पीड कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में तेजी आएगी।

श्री गडकरी की घोषणा से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्रवासियों ने केंद्रीय मंत्री और सांसद संतोष पांडेय के प्रति आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि दिसंबर 2025 तक डीपीआर के साथ एक्सप्रेसवे का कार्य भी शुरू हो जाएगा। इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के बनने से क्षेत्र में आर्थिक विकास का नया मार्ग खुलेगा। पर्यटन के नए अवसर पैदा होंगे। दोनों राज्यों के बीच तेज और सुरक्षित मार्ग मिलेगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी। सांसद श्री पांडेय की इस पहल का जिले के साथ पूरे राज्य को दोहरा लाभ मिलेगा। यह सड़क आगे जाकर रायपुर से विशाखापटनम के भारत माला प्रोजेक्ट से जुड़ेगी। इससे खैरागढ़-राजनांदगांव जिले से विशाखापटनम तक का मार्ग सुलभ होगा और नए व्यापारिक अवसर खुलेंगे।

### चिल्फी-कवर्धा बॉर्डर से जबलपुर तक बनेगी 4 लेन सड़क




संसद सत्र के दौरान सांसद संतोष पांडेय की रखी गई मांग पर केंद्र सरकार ने एक और तोहफ दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रयास से चिल्फी-कवर्धा बॉर्डर से जबलपुर तक 150 किमी लंबी 4 लेन सड़क के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना पर करीब 2500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच तेज और सुगम कनेक्टिविटी ,यात्रा समय में बड़ी कमी, व्यापार और उद्योग को गति, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर कवर्धा सहित पूरे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### हादसा: एक घायल मवेशी इलाज के लिए पशु चिकित्सालय भेजा गया

# नेशनल मार्ग राम्हेपुर चौक में वाहन की ठोकर से दो मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे राम्हेपुर चौक में लगातार सड़क हादसे में आवारा मवेशियों की मौत हो रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा बिलासपुर नेशनल हाईवे में 24 घंटे तेज व भारी वाहनो की आवाजाही लगा रहता है जिसकें कारण तेज रफ्तार वाहन के चपेट में आवारा घुमंतू मवेशियां सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। बताया जाता है कि आवारा मवेशियों का झूंड के झूंड सड़क के बीचों बीच में जमावड़ा के कारण वाहन चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक व तेज रफ्तार वाहन सीधे मवेशी को ठोकर मारते हुए वाहन चालक खर्राटे भरते हुए निकल जाते हैं। वहीं नेशनल हाईवे में दो मवेशियों की मौत हो गई तथा एक घायल मवेशी को ईलाज के लिए पशु चिकित्सालय भेजा गया। लगातार मवेशियों की सड़क हादसे शिकार हो रहे है जिसमें ग्राम जोराताल चौक, सिंघनपुरी चौक, बरबसपुर चौक, बीजाझोरी चौक व हरिनछपरा चौक सहित राम्हेपुर चौक पर मवेशियों का मौत की सिलसिला जारी है।





#### सड़क बना आवारा मवेशियों का अड्डा

बताया जाता है कि आवारा घूमंतु मवेशियों के लिए सड़क साफ सुथरा होने के कारण सड़क मवेशियों के लिए अड्डा बन चुका है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा घुमंतू मवेशियों की देख-देख के लिए कोई नई योजना बनाई जाए ताकि लगातार हो रही सड़क हादसे से मौत पर अंकुश लग सकें।

#### पशु-मालिक को पशुपालन में रुचि नहीं, रवेली मार्ग बना मवेशियों का अड्डा

जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इन समय गाय, भैंस व बछड़े का पालन पोषण सही तरीके से रख-रखाव नहीं हो पा रहा है, वहीं पशु-मालिकों को अब पशुपालन में कोई विशेष रुचि नहीं रह गई है। एक तरह से कहे तो उनका मोह-भंग हो चुका है इसी कारण से पशु-मालिक अपने घरों में अब मवेशी को पहले की तरह बांधकर नहीं रखते हैं जिनके कारण से अधिक संख्या में मवेशियों का डेरा सड़क किनारे या सड़क के बीचों-बीच व पुल-पुलिया सड़क किनारे बैठे रहते हैं।

# तीज पर्व पर महिलाओं ने रखा पति के लंबी आयु के लिए निर्जला उपवास



- श्री पंचदेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव–पार्वती की पूजा अर्चना की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में तीजहारिन महिलाओं ने अपनी पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला तीज उपवास रखी। वहीं सारंगपुर खुर्द स्थित श्री पंचदेव मंदिर में मंदिर पुजारी सीताराम तिवारी व महिलाओं द्वारा विधि विधान पूर्वक विशेष पूजा अर्चनाकर हरितालिका तीज उपवास बड़े ही हर्षोत्साह व परंपरागत मनाया गया। मान्यता है कि तीज पर्व महिलाओं के लिए विशेष महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है इसमें पति की लंबी आयु और सुखी विवाहित जीवन की कामना को लेकर महिलाएं निर्जला उपवास रखी गई, पर्व की परंपरा के अनुसार सोमवार की रात में महिलाएं करू-भात खाकर दिन भर निर्जला उपवास रही और भगवान शिव-माता पार्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। हरितालिका तीज भाद्रमाह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया गया, मान्यता है कि इसी दिन माता पार्वती ने कठोर तपकर भगवान शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त किया था। इसी के अनुसार माताएं तथा महिलाओं ने करू-भात खाकर पूरे दिन व्रत रखकर अपने पति की लंबी दीर्घायु के साथ सुख, शांति व समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा।

# आकर्षक पंडालों में जगह-जगह आज विराजेंगे गणपति, तैयारियों जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बाल व युवा गणेशोत्सव समितियों द्वारा गणेश चतुर्थी को लेकर जोर शोर से पंडाल की तैयारियां अंतिम दौर में है। वहीं आकर्षक व छोटे-बड़े पंडालों में 27 अगस्त को भगवान गजानन स्वामी की मूर्तियों विधि-विधान पूजा अर्चना कर पंडालों में विराजित किए जाएंगे। वहीं गणेशोत्सव व आयोजक समितियों द्वारा जोर-शोर से तैयारियों को अंतिम रुप देने में जुटे हुए हैं। नगर में 50 से अधिक स्थानों पर विघ्न - विनाशक भगवान लंबोदर की छोटी व बड़ी मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। 10 दिन तक चलने वाले गणेशोत्सव को लेकर बाल व युवा भक्तों में काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है। पंडितों के अनुसार बुधवार 27 अगस्त को सुबह 11 बजकर 05 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 40 मिनट में प्रतिमा को घर लाना शुभ बताया गया है। शहर में रिद्धि-सिद्धि के साथ तो कहीं शेष नाग सैय्या, गौरी-शंकर, तथा बाल गणेश विराजेंगे।



# कोलेगांव से हथमुड़ी पीएम सड़क आम नागरिकों के लिए बनी सिर दर्द

## राशि स्वीकृत होने के बाद भी मरम्मत कार्य नहीं, जिम्मेदार बेपरवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से बसनी, पेंड्रीकला, हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क में जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे होने से पीएम सड़क आम नागरिको के लिए सिर दर्द बना हुआ है। वहीं शासन प्रशासन व जिम्मेदार मौन व्रत रखे हुए हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन सड़कों का स्वीकृत राशि जारी होने के बाद भी ना तो प्रधानमंत्री सड़क की सुधार व मुरूमीकरण किया जा रहा है जिसका खामियाजा ग्रामीणो व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क में गड्ढे ही गड्ढे होने से सड़क दुर्घटना की आशंका बनी हुई जगह-जगह गड्ढे व जलभराव की स्थिति से सड़क तालाब डबरी नुमा दिखाई पड़ रही है।

#### छात्राओ को उठानी पड़ रही भारी दिक्कते

बताया जाता है कि छात्र छात्राओ हाई स्कूल व महाविद्यालय के लिए कुंडा जाने के लिए छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। सड़क अत्यंत जर्जर होने के कारण उन्हे 14 किलोमीटर की दूर तय करनी पड़ रही है। जिस पर ग्रामीणो व पालक गण ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द प्रधानमंत्री सड़क की सुधार व मरम्मत तथा मुरूमीकरण की मांग की गई ताकि आने जाने वाले ग्रामीणो राहगीरों तथा स्कूली छात्र छात्राओं को राहत व सुविधा मिल सकें।

### मारपीट व गाली-गलौज करने वाले तीन आरोपियों को पंडरिया पुलिस ने धर-दबोचा




**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों रविवार को प्रार्थी अरुण चंद्रसेन पिता सूरज शरण चंद्रसेन निवासी वार्ड क्रमांक 04 मां महामाया चौक पंडरिया द्वारा थाना पंडरिया आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर लगभग 02:30 बजे वह अपने मित्र नवीन यादव के साथ सरकारी अस्पताल जा रहा था। इसी दौरान पंडरिया बांधा तालाब स्थित शिव मंदिर के पास विपरित दिशा से से आ रहे मोटर सायकल सवार सूरज ने उसकी मोटर सायकल को ठोकर मार दी। उक्त घटना के बाद सूरज ने अपने साथियों कुणाल और छोटा के साथ मिलकर प्रार्थी के साथ अभद्र गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी तथा मारपीट की। जिस पर थाना पंडरिया पुलिस ने प्रार्थी के लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु आदेश जारी किए गए। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल तथा थाना प्रभारी नितिन कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की पता-तलासी की गई। वहीं मंगलवार को आरोपियों सूरज, कुणाल एवं छोटा को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में श्रवण चंद्रवंशी, राजेश्वर केसरिया, द्वारिका चंद्रवंशी, अभिषेक शर्मा, आकाश भोई एवं राजाराम जाससवाल का विशेष योगदान रहा।

### एरियर सहित महंगाई राहत के आदेश जारी करने की मांग

# भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला संयोजक बने प्रकाश गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के जिला कबीरधाम गठन के लिए मंगलवार को जनपद पंचायत सभा गृह में पेंशनरों की बैठक मे शिक्षा विभाग से सेवानिवृत प्रकाश कुमार गुप्ता को जिला संयोजक नियुक्त किया। इस बैठक में एसएस जैन, एसके नवीन, केएल चौधरी, गौकरण विश्वकर्मा, जेआर चतुर्वेदानी, रमेश कुमार साहू, मूलचंद देवांगन, बीजे शिन्दे ने पेंशनरों की समस्या पर विचार व्यक्त किया।

बैठक में संभागीय अध्यक्ष बीके वर्मा, प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, संगठन मंत्री टीपी सिंह, व पदाधिकारी गण उपस्थित थें। बैठक को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ राष्ट्रीय विचार धारा को लेकर देश-हित के साथ पेंशनरों के हित में कार्य करने वाला एकमात्र संगठन है। प्रदेश में महासंघ ने अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल किया है जिसमें छत्तीसगढ़ में सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेल स्टेट बैंक, पृथक पेंशन संचालनालय स्थापना, 80 वर्ष पूरी होने पर 1 महीने पूर्व अतिरिक्त पेंशन के आदेश के साथ कई अनेक पेंशनर्स हितैषी महत्वपूर्ण मामलों पर उपलब्धि हासिल की है।




उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि धारा 49 के बहाने पेंशनरों के महंगाई राहत को लेकर आर्थिक शोषण कर रही है और मोदी के गारंटी के तहत केंद्र के समान महंगाई राहत (डीआर) देने में षड़यंत्र कर एरियर हड़पकर लगातार अन्याय कर रही है। महासंघ इसके निदान के लिए संघर्ष कर रही है। इस अवसर पर बैठक में प्रमोद कुमार गुप्ता, एसके नवीन ने महासंघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों हेतु महंगाई राहत के आदेश जारी नहीं करने पर असंतोष जाहिर किया गया और बिना एरियर के आदेश जारी करने पर महंगाई राहत के आदेश की प्रतियों का प्रदेश में होली जलाने का निर्णय लिया गया।

# शांति, श्रद्धा व सुरक्षा के साथ गणेशोत्सव मनाने चौकी प्रभारी ने संयुक्त बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्ग दर्शन में अनुविभागीय अधिकारी अखिलेश कौशिक के निर्देशन में चौकी प्रभारी विमल लवानिया के नेतृत्व में मंगलवार को चौकी पोंड़ी गणेशोत्सव समिति के सदस्यो का बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में समिति गणेशोत्सव समिति सदस्यों को गणेश उत्सव के अवसर पर शांति व सुरक्षा बनाए रखने संबंधी आवश्यक निर्देश, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के नियमों, यातायात व्यवस्था में सहयोग करने, पंडालों में सुरक्षा, रात्रि में पंडाल में आवश्यक रूप से रहने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही समितियों से बात करते हुए कहा कि समिति या आयोजक के द्वारा नियम उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सभी आपसी समन्वय बनाए रखने की जानकारी दी ताकि गणेश उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा सके, लेकिन कानून व्यवस्था सुरक्षा के प्रति कोई भी लापरवाही नहीं बरती जाएगी साथ ही विसर्जन के दिन नशे की हालत में विसर्जन यात्रा में मार-पीट या झगड़ा लड़ाई या शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।



### भर्रशाही: हप्तेभर की जांच महीनेभर में भी नहीं हो पाई पूरी, जांच अधिकारी स्थानांतरित

# परियोजना तरेगांव जंगल में पदों की सौदेबाजी मामले की जांच खटाई में

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

एकीकृत बाल विकास परियोजना तरेगांव जंगल जिला कबीरधाम में पदस्थ परियोजना अधिकारी और कर्मचारी पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पद पर भर्ती के लिए खुलेआम रिश्वत मांगे जाने के मामले में शिकवा शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा जांच आदेश जारी किए जाने के महिनेभर बाद भी जांच का अता पता नहीं है। जबकि प्रशासन ने इस बेहद गंभीर मामले की जांच का जिम्मा बोड़ला एसडीएम को सौंपते हुए हप्तेभर में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इस बीच आंगनबाड़ी व सहायिका पद में भर्ती के नाम पर भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में विभाग के कर्मचारी और मामले में आरोपी का बड़ा बयान सामने आया है जिसने जांच के दौरान जांच अधिकारी के समक्ष दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि हाल के महिने में तरेगांव जंगल परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़घुसरी मैदान के लिए निकाले गए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिका के पद में भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से खुलेआम और बड़े ही बेखौफ ढंग से राशि की मांग करते हुए पदों को सौदा करते परियोजना अधिकारी नमन देशमुख तथा विभाग के कर्मी रामाधार नाम व्यक्ति का आडियो सोशल मीडिया में वॉयरल हुआ था। जिसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की अभ्यर्थी गीता मेरावी पिता कृष्ण कुमार मेरावी तथा सहायिका पद की अभ्यर्थी विद्या मेरावी पिता चंद्रभान मेरावी निवासी मुड़घुसरी ने विभाग के अधिकारी व कर्मी पर पद के लिए रिश्वत मांगे जाने तथा राशि देने में असमर्थता जाहिर करने पर नियुक्ति पत्र निरस्त किए जाने का गंभीर आरोप लगाया था। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस मामले के सामने आने बाद जिला दण्डाधिकारी ने मामले की जांच के निर्देश जारी करते हुए एसडीएम को जांच अधिकारी नियुक्त कर एक हफ्ते में जांच रिपोर्ट पेश करने कहा था वहीं तरेगांव जंगल के परियोजना अधिकारी नमन देशमुख को प्रभार से हटा दिया गया था। लेकिन जिला दण्डाधिकारी के द्वारा जांच संबंधी निर्देश जारी किए जाने के बाद भी अभी तक इस मामले की न तो जांच पूरी हो पाई है और न ही जांच रिपोर्ट सामने आई है। अलबत्ता इस बीच जांच अधिकारी बोड़ला एसडीएम के तबादले की जानकारी जरूर सामने आई है। वहीं यह भी सामने आया है कि भर्ती के नाम पर सौदा करने के इस मामले में कर्मी रामाधार ने अपना बयान दर्ज करा दिया है जिसमें उसने बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि मैं एक छोटा और अल्प मानदेय में कार्य करने वाला अनियमित कर्मचारी हूं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका पद के अभ्यर्थियों से मैने पैसों की मांग परियोजना अधिकारी नमन देशमुख के कहने पर की थी। इसके अलावा मैं और कुछ नही जानता। कर्मी ने अपने बयान में यह भी कहा है कि वह परियोजना तरेगांव जंगल में पिछले 12 से 13 वर्षो से कार्य कर रहा है पर आज तक उस पर किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगा है यह पहली मर्तवा जब वह अपने अधिकारी के कहने पर फंस गया है।

### तरेगांव जंगल परियोजना में फर्जी नियुक्ति के कई मामले, जांच की जरूरत




परियोजना अधिकारी के द्वारा की गई इस भर्ती प्रकिया में सिर्फ फर्जीवाड़ा ही सामने नहीं आ रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खरिया, ब्लॉक बोड़ला में नियुक्त हुई सहायिका ने इस मामले के सामने आने के कुछ दिन बाद ही अपने पद से त्याग पत्र देकर काम छोड़ दिया है। बताया जाता है कि जिस प्रणाम पत्र के माध्यम से इस सहायिका की नियुक्ति हुई थी वह फर्जी था जिसे आश्रम से अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया गया था और वह आश्रम उस गांव में ही नही था जिसके चलते डर की वजह से सहायिका ने त्याग पत्र दिया गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि परियोजना तरेगांव जंगल में परियोजना अधिकारी नमन देशमुख के कार्यकाल के कोई एक, दो नही बल्कि कई ऐसे मामले है जिसमें जमकर फर्जीबाड़ा और पदों का सौदा कर जमकर अवैध उगाही की गई है। निश्चित रूप से इस फर्जीबाड़े की सूक्ष्म जांच होनी चाहिए और संलिप्तों के खिलाफ ठोस कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए।

## शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में आज विराजेंगे विघ्नहर्ता

- गणेश उत्सव को लेकर नगर सहित अंचल में भव्य तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धर्म नगरी कवर्धा सहित पूरे अंचल में बुधवार 27 अगस्त से प्रारंभ होने वाले गणेशोत्सव को पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ धूमधाम से मनाने विभिन्न सार्वजनिक समितियों द्वारा विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करने की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पर्व के दौरान गणपति के भक्त अपने घरों में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करते हैं।



मुहुर्त के मुताबिक स्थापना स्थल तक गणपति की प्रतिमाओं को ले जाने का क्रम बुधवार की सुबह से प्रारंभ हो जायेगा। वहीं शाम तक विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान गजानंद की स्थापना कर दी जायेगी। गौरतलब है कि कवर्धा शहर में कई ख्यातिनाम समितियों द्वारा भगवान गणेश की विभिन्न रूप, रंग की विशाल प्रतिमाएं स्थापित करने की परम्परा वर्षो से चली आ रही है। जिसके चलते मूर्तिकारों ने भगवान गणेश की विशाल प्रतिमाओं का भी सृजन किया है। इधर इस वर्ष भी कई समितियों द्वारा स्थल सजावट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसकी तैयारियां भी लगभग पूर्णता की ओर हैं। शहर की नामचीन समितियों में यूनियन गणेशोत्सव समिति, गुप्ता पारा गणेशोत्सव समिति, किशोर गणेशोत्सव समिति कचहरी पारा, ठाकुर पारा गणेशोत्सव समिति, खेड़ापति गणेशोत्सव समिति, नूतन गणेशोत्सव समिति हटरीपारा, कलेक्टर कालोनी गणेशोत्सव समिति, महल चौक गणेशोत्सव समिति एवं दर्रीपारा गणेशोत्सव समिति अन्य समीतियों द्वारा पर्व को लेकर खासी तैयारियां की है और भव्य पण्डाल सजाया है।

वहीं शहर के विभिन्न मोहल्लों में कई बाल गणेशोत्सव समितियों द्वारा भी गणेश उत्सव धूमधाम से मनाने की भव्य तैयारियां की गई हैं। विगत कई दिनों से विघ्नहर्ता की प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे नगर के मूर्तिकार भी भगवान गणेश की प्रतिमाओं को फाइनल टच दे रहे हैं।

बहरहाल 27 अगस्त बुधवार से प्रारंभ हो रहे गणेशोत्सव की तैयारी शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी धूमधाम से की जा रही है। जिसके चलते पूरे 11 दिनों तक अंचल में भक्तिभाव का माहौल बना रहेगा।

### खबर संक्षेप

#### दीपक का मेकाहारा में एमबीबीएस के लिए चयन

**मोहागांव।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम मोहगांव के होनहार छात्र दीपक चन्द्रवंशी का चयन एमबीबीएस के लिए मेकाहारा रायपुर में हुआ है। दीपक ने नीट परीक्षा 2025 में अच्छे अंकों से सफलता हासिल की थी। जिसके बाद काऊंसलिंग प्रक्रिया के दौरान उनका चयन मेकाहारा रायपुर में एमबीबीएम के लिए हुआ है। दीपक ने 12 वीं की परीक्षा बिलासपुर अरपा खिरबेली पब्लिक स्कूल से उत्तीर्ण की है। वे ग्राम मोहगांव के गौतम इन्टरप्राईजेस के संचालक गौतम चन्द्रवंशी के सुपुत्र हैं। उनके एमबीबीएम के चयन होने पर ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है।



#### राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन 29 अगस्त को

**कवर्धा।** स्व. मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 29 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आऊटडोर स्टेडियम कवर्धा में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने राष्ट्रीय खेल दिवस में जिले के खेल संघ के पदाधिकारीगण, खिलाड़ियों तथा जिला मुख्यालय के समस्त स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय खेल दिवस में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने आग्रह किया है। आयोजकों द्वारा इस आयोजन की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है।

## कोहड़िया में करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत मामले में खेत मालिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले की रणवीरपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम कोहड़िया में करंट से पिता और पुत्र की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी किसान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 185/25 धारा 105 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई है। आरोप है कि किसान ने खेत में लगी फसल की सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर करंट प्रवाहित तार बिछा रखा था जिसकी चपेट में आने से 24 अगस्त की रात में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। गौरतलब है कि गत 24 अगस्त की रात्रि ग्राम कोहड़िया में टमाटर खेत में असुरक्षित तरीके से बिजली करंट लगाने से दो ग्रामीण पिता पुत्र जहरू निषाद आयु 60 वर्ष एवं श्रवण निषाद आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम कोहड़िया की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद प्रार्थी राजू निषाद द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर चौकी रणवीरपुर में मर्ग क्रमांक 38/25 एवं 39/25 कायम कर शव का पंचनामा और पीएम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में मृतकों की मृत्यु बिजली करंट लगने से होना पाया गया तथा हिस्तोपैथोलॉजी जांच हेतु त्वचा नमूना सुरक्षित किया गया। पुलिस के मुताबिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि ग्राम कोहड़िया निवासी विशाल पटेल पिता स्व. चंदू पटेल आयु 50 वर्ष ने टमाटर की फसल की सुरक्षा के लिए अपने खेत में जमीन के समानांतर जीआई तार से असुरक्षित तरीके से करंट प्रवाहित किया था। यह जानते हुए कि कोई व्यक्ति खेत में प्रवेश करेगा तो उसकी जान को खतरा हो सकता है, जिसके कारण दो ग्रामीणों की करंट लगने से मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने अपराध क्रमांक 185/25 धारा 105 बीएनएस पंजीबद्ध कर आरोपी विशाल पटेल को 26 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया और आरोपी से मेमोरेण्डम कथन लिया गया, जिसमें उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। घटना से संबंधित जीआई तार एवं खेत के बिजली कनेक्शन से जुड़े दस्तावेज जप्त किए गए हैं। आरोपी को न्यायिक रिमांड के लिए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण की विवेचना प्रचलित है तथा घटना के वैज्ञानिक एवं तकनीकी पहलुओं की जांच जारी है।



## अटल परिसर बनकर तैयार, आज 27 अगस्त को किया जाएगा लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में बस स्टैण्ड के पास अटल परिसर का निर्माण किया गया है।

जिसका नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 27 अगस्त को शाम 4 बजे छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद राजनंदगांव लोकसभा क्षेत्र संतोष पाण्डेय, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक साहू सहित अन्य उपस्थित अतिथियों की उपस्थिति में लोकार्पण करेगें।

कार्यक्रम के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि शासन द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत राशि 30 लाख रुपए से पूर्व मुख्यमंत्री निवास बस स्टैण्ड के पास अटल परिसर का निर्माण किया गया है। अटल परिसर में आकर्षक प्रतिमा के साथ साथ पेडेस्टल, फ्लोर एवं वॉल में आकर्षक ग्रेनाइट पत्थर लगाकर विद्युत से सुसज्जित किया गया है। जिसका दिनांक 27 अगस्त को उपमुख्यमंत्री तथा सांसद व विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में लोकार्पण किया जाएगा।




### डीपीएस में शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण




**कवर्धा।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, भुवनेश्वर के तत्वावधान में लर्निंग आउटकम्स एवं पेडागॉजी विषय पर एकदिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन दिनांक 24 अगस्त 2025 को दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर (कवर्धा, छत्तीसगढ़) में किया गया। इस प्रशिक्षण में सनराइज पब्लिक स्कूल, एम्बिशन पब्लिक स्कूल, प्रेरणा पब्लिक स्कूल तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक खंडेलवाल (एकेडमिक डायरेक्टर, डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजनांदगांव) एवं आशीष तिवारी (एचओडी गणित, अभ्युदय स्कूल, कवर्धा) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लर्निंग आउटकम्स का महत्व, आवश्यकता तथा शिक्षा में बदलाव की अनिवार्यता पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही सीएसएन के लिए उपयुक्त लर्निंग आउटकम्स का निर्माण, उनके व्यवहारिक उपयोग, ब्लूम टैक्सोनॉमी के विभिन्न स्तरों के आधार पर अधिगम उद्देश्यों की स्पष्टता, लर्निंग आउटकम्स की विशेषताएँ एवं सही तरीके से उन्हें फ्रेम करने की तकनीक, मूल्यांकन का उद्देश्य एवं आउटकम्स के साथ उसका संरेखण, रूब्रिक्स के प्रयोग द्वारा निष्पक्ष मूल्यांकन के महत्व तथा 21वीं सदी के कौशल जैसे क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी, कोलैबोरेशन और कम्युनिकेशन पर भी गहन विमर्श किया गया।

## इंडी गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी नक्सल समर्थकः सांसद संतोष पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने इंडी गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को नक्सल समर्थक बताते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है।

साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर की गई टिप्पणी को संस्कारहीनता का परिचायक करार दिया। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि भूपेश बघेल की पूरी सरकार कोयला, शराब, पीएससी, डीएमएफ और महादेव सट्टा एप समेत अनेक घोटालों में डूबी रही। कई नेता, अधिकारी और दलाल जेल की सलाखों के पीछे हैं, लेकिन बस्तर के आदिवासियों के हितों की कभी चिंता नहीं की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेसनीत गठबंधन ने ऐसे व्यक्ति को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाया है, जिसने सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला दिया था। यह निर्णय न केवल बस्तर और वहां के आदिवासियों के खिलाफ था, बल्कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के भी विपरीत था।

रेड्डी ने नक्सलियों को क्रांतिकारी तक बताया था। स्व. महेन्द्र कर्मा और स्व. नंदकुमार पटेल जैसे झीरम नक्सली हमले में शहीद नेताओं को याद करते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि यदि सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं आता तो छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद बहुत पहले समाप्त हो जाता। ऐसे व्यक्ति को विपक्ष का उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बनाना देश के लिए चिंता का विषय है। अमित शाह पर भूपेश बघेल की टिप्पणी को लेकर उन्होंने कहा कि इस तरह की अमर्यादित भाषा न केवल राजनीतिक, बल्कि पारिवारिक संस्कारहीनता को भी दर्शाती है। उन्होंने बघेल के पिता की सनातन विरोधी टिप्पणियों और भ्रष्टाचार के मामलों में बेटे की गिरफ्तारी का उल्लेख करते हुए कहा कि सूपा बोले तो बोले, चलनी भी बोले जिसके बहत्तर छेद। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि बेदाग छवि के धनी और लौहपुरुष सदृश्य केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रेड्डी के विषय में जो कहा है, वह बिल्कुल सही है।

कांग्रेस और भूपेश बघेल के कथनों को प्रदेश की जनता गंभीरता से नहीं लेती। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस माओवादी विचारधारा से प्रेरित उग्रवादियों का समर्थन कर रही है, जो वीभत्स हिंसा कर आदिवासियों का खून बहा रहे हैं।

### पति की लम्बी आयु के लिए भोलेनाथ से की कामना, महिलाओं में दिखा उत्साह

## महिलाओं ने तीज व्रत रखकर की शिव पार्वती की पूजा-अर्चना, किया रतजगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मनवांछित वर की चाह और अपने पति की लंबी आयु के लिए युवतियों और महिलाओं ने तीजा पर्व पर मंगलवार को दिनभर निर्जला व्रत रखा। व्रती युवतियों व महिलाओं ने शाम से ही भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना प्रारंभ कर दी थी। सुहाग की दीर्घायु के लिए व्रत रखने महिलाएं प्रातः स्नान कर पूजा पाठ की तैयारियों में जुट गई थी। जिसमें गंगाबालू मिश्रित शिवलिंग बनाकर, फुलेरा सजाने का क्रम दिनभर चलता रहा। शाम होते-होते महिलाएं विशेष श्रृंगारकर भगवान शंकर की पूजा करने मंदिर सहित मोहल्ले के अन्य घरों में होने वाली पूजा में भी शामिल हुई। तीज पर्व पर महिलाओं ने पुजारी के मार्गदर्शन में दूध, दही, शहद, घी, शक्कर, गंगाजल, बेलपत्ती, आंक, मंदार, धतुरा, दूर्वादल, धूपदीप, नैवेद्य, श्रीफल, इत्र से भगवान शिव की विधि विधान से पूजा की। पूजा अर्चना उपरांत व्रती महिलाओं ने पूरी भक्तिभाव के साथ हरितालिका व्रत की कथा भी सुनी। मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर देर रात तक चलता रहा। व्रत में रतजगा के विधान के चलते अधिकांश महिलाओं ने गीत, संगीत, भजन, कीर्तन का भी आयोजन किया। तीजा पर्व पर कवर्धा सहित आसपास के गांव में भी महिलाओं में भक्तिभाव का माहौल रहा। गांव में भी महिलाएं श्रद्धाभक्ति के साथ व्रत रखकर भगवान शंकर की पूजा अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाएं रातभर भजन-कीर्तन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में लीन रही। तीजा पर्व के चलते आज शहर के बाजार में दिनभर चहल-पहल रही। सामान्य दिनों की अपेक्षा सुबह से शाम तक बाजार में काफी भीड़भाड़ रही।

### कई दिनो से की जा रही थी तीजा पर्व की तैयारी

गौरतलब है तीज पर्व छत्तीसगढ़ में महिलाओं का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है, जिसे महिलाएं अपने मायके में मनाती है। महिलाओं के लिए इस वर्ष के महत्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि वे पर्व के कई दिनो पूर्व ही इसकी तैयारियों में जुट जाती है। पर्व को लेकर सार्वधिक उत्सुकता नवविवाहितों में होती है जो पहली बार अपने ससुराल से तीजा मनाने मायके जाती हैं। इन नवनवेली तिजहारिनों द्वारा पर्व में साड़ी, श्रृंगार के समान की तैयारियां काफी दिनो पूर्व से ही प्रारंभ कर दी जाती है और पर्व के दिन अपने परिवार की वरिष्ठ महिलाओं के बताए अनुसार विधि विधान से भगवान भालेनाथ की पूजा अर्चना कर अपने सुहाग की लम्बी आयु की कामना करती हैं।

## राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में जिले के रोवर-रेंजर शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी (अभनपुर) जिला रायपुर में रेंजर विंग का गत 18 से 21 अगस्त एवं रोवर विंग का दिनांक 22 से 25 अगस्त 2025 तक राज्य पुरस्कार (राज्यपाल अवार्ड) जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस राज्य पुरस्कार जांच शिविर में पूरे छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के रोवर रेंजर ने भाग लिया। जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले से रेंजर लीडर तामेश्वरी परते व सोनाली चंद्रवंशी के नेतृत्व में मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम कवर्धा से 04 रेंजर शीतला साहू, भूमिका जांगड़े, दानेश्वरी पटेल, देवकुमारी छेदावी एवं रोवर लीडर विजय कुमार साहू, प्रियप्रकाश साहू के नेतृत्व में भोरमदेव ओपन रोवर क्रू कवर्धा के 02 रोवर कुश साहू, पंकज कुमार साहू इस परीक्षा में शामिल हुए। चार दिनो तक चलने वाले इस शिविर में दल में प्रवेश से लेकर राज्य पुरस्कार (राज्यपाल पुरस्कार) पाठ्यक्रम तक लिखित, मौखिक एवं प्रायोगिक परीक्षा आयोजित किया गया था। इस राज्य पुरस्कार परीक्षा में सफल होने वाले समस्त रोवर रेंजर को महामहिम राज्यपाल के द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्सी, जिला मुख्य आयुक्त रुपेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त एफआर वर्मा, जिला सचिव नीलम यदु, ईशाक खान, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता, संजू मिश्रा सहित कबीरधाम जिले के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर ने राज्य पुरस्कार में सफलता की कामना की।

